● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 12, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 09 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



शक्तिशाली होगी भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन 5

विराट करेंगे दूसरे वनडे में वापसी 6

## दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा को मिला स्पष्ट बहुमत

### भाजपा ने 48 और आम अदमी पार्टी ने 22 सीटें जीती, कांग्रेस का खाता नहीं खुला

**आप के दोनों दिग्गज अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया चुनाव हारे**




| पार्टी | 2025 | वोट% | पिछली स्थिति |
|---|---|---|---|
| बीजेपी | 48 (+40) | 45.7% | 8 |
| आप | 22 (-40) | 43.5% | 62 |
| कांग्रेस | 0 (0) | 6.3% | 0 |
| अन्य | 0 (0) | 4.5% | 0 |

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के रिजल्ट शनिवार को आए। भाजपा ने 27 साल बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया। भाजपा ने 48 और आम आदमी पार्टी ने 22 सीटें जीतीं।

भाजपा+को आप से 3.6% ज्यादा वोट मिले। इससे 26 सीटें ज्यादा मिलीं। पिछली चुनाव में 8 सीटें थीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। भाजपा ने 1993 में 49 सीटें यानी दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। 5 साल की सरकार में मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज सीएम बनाए गए थे। 1998 के बाद कांग्रेस ने 15 साल राज किया। इसके बाद 2013 से आम आदमी पार्टी की सरकार थी। इस बार भाजपा की 71% स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटें बढ़ीं। पार्टी ने 68 पर चुनाव लड़ा, 48 सीटें जीतीं। वहीं, आप को 40 सीटों का नुकसान हुआ। आप का स्ट्राइक रेट 31% रहा। भाजपा ने पिछले चुनाव (2020) के मुकाबले वोट शेयर में 9% से ज्यादा का इजाफा किया। वहीं, आप को करीब 10% का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को भले ही एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन वोट शेयर 2% बढ़ाने में कामयाब रही।

**दिल्ली रिजल्ट एक नजर**

2020 में भाजपा ने महज 8 सीटें जीती थीं। 2025 में 6 गुना ज्यादा यानी 48 से ज्यादा सीटों पर जीती। केजरीवाल की नई दिल्ली सीट पर 20 उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई। इन्हें मिले वोट तीन अंक तक भी नहीं पहुंच सके। कांग्रेस के 70 में से 67 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। कस्तूरबा नगर से अभिषेक दत्त (27019 वोट) दूसरे स्थान पर रहे। इनके अलावा, बादली से देवेंद्र यादव (41071 वोट) और नांगलोई जाट से रोहित चौधरी (32028 वोट) तीसरे स्थान पर रहे। केजरीवाल को प्रवेश वर्मा ने 4089 वोटों से हराया, जबकि संदीप दीक्षित को 4568 वोट ही मिले। भाजपा के दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे चुनाव जीत गए हैं। नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा और मोतीनगर से हरीश खुराना। प्रवेश पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। खुराना पूर्व सीएम मदन लाल खुराना के बेटे हैं।

2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन मुस्तफाबाद सीट से तीसरे नंबर पर रहे। वे ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम से चुनाव लड़े थे। यहां से भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने जीत दर्ज की। दूसरे नंबर पर आप रही।

कांग्रेस फिर जीरो, लेकिन 14 सीटों पर आप को हरवाया कांग्रेस दिल्ली में जीरो थीं, जीरो ही रही। लेकिन आम आदमी पार्टी को जरूर हरवा दिया। 14 सीटों पर आम आदमी पार्टी की हार का अंतर, कांग्रेस के मिले वोटों से कम है। यानी अगर आप और कांग्रेस का गठबंधन होता, तो दिल्ली में गठबंधन की सीटें 37 हो जातीं और बीजेपी 34 सीटों पर सिमट सकती थी। बहुमत के लिए 36 सीटें चाहिए।

केजरीवाल शराब नीति केस में कुल 177 दिन जेल में रहे। बीजेपी ने अपने चुनावी कैंपेन में इसे मुद्दा बनाया। केजरीवाल खुद को कट्टर ईमानदार कहते थे। बीजेपी ने उन्हें बार-बार कट्टर बेईमान कहा। केजरीवाल के सरकारी बंगले के रेनोवेशन पर 45 करोड़ रुपए खर्च किए जाने को बीजेपी ने मुद्दा बनाया।

## विकास, विजन और विश्वास की हुई जीत: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करके भाजपा ने 27 साल का सूखा खत्म कर दिया है। भारी बहुमत से चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जीत के जश्न में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। भाजपा मुख्यालय पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और दिल्ली की जनता को जीत की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आप-दा वाले यह कहकर राजनीति में आए थे कि राजनीति बदल डालेंगे, लेकिन ये कट्टर बेईमान निकले। मैं आज अन्ना हजारे जी का बयान सुन रहा हूं। वे काफी समय से आप-दा वालों के कुकर्मों की पीड़ा झेल रहे हैं। आज उनको भी पीड़ा से मुक्ति मिली होगी। जिस पार्टी का जन्म ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन से हुआ, वो ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई। उनके मुख्यमंत्री और मंत्री जेल गए। वे खुद को ईमानदार



कहते थे और दूसरों को बेईमान कहते थे। शराब घोटाले ने दिल्ली को बदनाम किया। कोरोना काल में आप-दा वाले शीशमहल बना रहे थे। उन्होंने घोटाले छिपाने के लिए साजिश रचीं। हम पहले विधानसभा सत्र में सीएजी की रिपोर्ट सदन में रखेंगे। भ्रष्टाचार की जांच होगी। लूटने वालों को लौटाना होगा। ये मोदी की गारंटी है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज दिल्ली के लोगों में उत्साह और सुकून भी है। मैंने हर दिल्ली से प्रार्थना की थी भाजपा को सेवा का अवसर दीजिए है। दिल्ली के हर परिवारीजन को मोदी को गारंटी पर भरोसा करने के लिए नमन करता हूं। दिल्ली की जनता ने दिल खोलकर प्यार दिया। दिल्ली के लोगों का यह प्यार और विश्वास हम पर कर्ज है। इसे अब दिल्ली की डबल इंजन सरकार तेजी से विकास करके चुकाएगी। आज की यह ऐतिहासिक विजय सामान्य विजय नहीं है। दिल्ली के लोगों ने आप-दा को बाहर कर दिया। एक दशक की आप-दा से दिल्ली मुक्त हुई। दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई। आंडबर, अराजकता, अहंकार और आप-दा की हार हुई है। इस नतीजे में भाजपा कार्यकर्ताओं की दिन रात की मेहनत, परिश्रम विजय को चारचांद लगाता है। सभी कार्यकर्ता विजय के हकदार हैं। सभी को विजय की बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने साफ किया कि दिल्ली की असली मालिक जनता है। जिनको दिल्ली का मालिक होने का घमंड था, उनका सच से सामना हुआ है।

## झूठ-फरेब के शासन का अंत, विकास के नए युग की शुरुआत: शाह

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह राष्ट्रीय राजधानी में एक नए युग की शुरुआत हुई है और झूठ, धोखाधड़ी व भ्रष्टाचार के शासन का अंत हुआ है।

करीब 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी से पार्टी में खुशी की लहर है। पार्टी के नेताओं ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एक विकसित दिल्ली बेहद जरूरी है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, डबल



इंजन सरकार दिल्ली में विकास की गति को नई ऊंचाई पर ले जाएगी।

गृह मंत्री शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली अब मोदी के नेतृत्व में एक आदर्श राजधानी बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के लोगों ने दिखा दिया कि बार-बार झूठे वादों से उन्हें गुमराह नहीं कर सकते। शाह ने कहा कि भाजपा अपने सभी वादों को पूरा करने और दिल्ली को दुनिया की नंबर एक राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि उन्होंने (दिल्ली की जनता) प्रदूषित यमुना, दूषित पेयजल, टूटी सड़कों, उफनते सीवरों और हर गली में शराब की दुकान की समस्याओं का जवाब अपने वोटों से दिया। उन्होंने कहा, चाहे महिलाओं का सम्मान की बात हो, अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों का स्वाभिमान या स्वरोजगार की अपार संभावनाओं की बात हो, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दिल्ली अब एक आदर्श राजधानी बनेगी। वहीं, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि पार्टी की महा विजय पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास के मॉडल में लोगों के अटूट समर्थन की जीत है।

## मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की बड़ी जीत

**अयोध्या।** अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को 61,639 मतों से करारी शिकस्त दी है। 30वें व अंतिम राउंड की गिनती के बाद भाजपा प्रत्याशी को एक लाख 45 हजार 893 मत मिले जबकि सपा प्रत्याशी को 84 हजार 254 वोट मिले। इस तरह भाजपा प्रत्याशी की 61 हजार 639 मतों से बड़ी जीत हुई। भाजपा नेता व महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि मिल्कीपुर में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जनता के विश्वास की जीत है।

## संविधान और लोकतंत्र को कमजोर कर रही केंद्र सरकार: प्रियंका

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की पूरी कोशिश कर रही है। वायनाड से सांसद प्रियंका ने मणंथवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में एक बूथ स्तर के नेताओं की बैठक में यह बयान दिया।

प्रियंका गांधी ने कहा, आज भी वायनाड जिले में उन लोगों को पर्याप्त मुआवजा नहीं मिला है, जो पिछले साल बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित हुए थे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा, लोकसभा में कांग्रेस की कोशिशों के कारण ही केंद्र सरकार ने वायनाड में भूस्खलन को गंभीर आपदा घोषित किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि



प्रभावितों को पुनर्वास के लिए और अधिक धनराशि मिलेगी। उन्होंने वायनाड जिले में जंगली जानवरों के हमलों से हुए जानमाल के नुकासन का भी जिक्र किया और कहा कि यह इंसानों और जानवरों के बीच संघर्ष के कारण हो रहा है। यह लोगों की जीवनयापन के तरीके को भी प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा, पिछली बार जब मैं वायनाड आई थी, तो जिला प्रशासन ने कहा था कि उन्हें इंसानों और प्रकृति के संघर्ष को कम करने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिक फंड की जरूरत है। मैंने उनसे कहा था कि हम एक साथ काम करेंगे और जितना हो सके उतना फंड जुटाकर इस समस्या का समाधान निकालेंगे। वायनाड सांसद ने यह भी कहा कि वह आदिवासियों की जरूरतों, मणंथवाड़ी में मेडिकल कॉलेज की कमी, रात के समय यात्रा पर प्रतिबंध और पर्यन को बढ़ावा देने जैसे अन्य मुद्दों को भी संबोधित करेंगी। प्रियंका ने बूथ स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं को उनकी लोकसभा उपचुनाव में जीत के लिए धन्यवाद दिया और कहा, आप सभी को चुनाव के दौरान ही नहीं, बल्कि हर दिन लोगों के बीच उपलब्ध रहना चाहिए।

## प्रधानमंत्री विद्यार्थियों से करेंगे परीक्षा पे चर्चा

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर वर्ष परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए विद्यार्थियों से संवाद करते हैं। इस वर्ष यह कार्यक्रम सोमवार 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचार माध्यमों पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चैनल, पीएमओ वेबसाइट, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चैनल एमओई, दीक्षा चैनल एमओई से भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

## जाति-संस्कृति के आधार पर विभाजित करने वाली ताकतें समाज के खिलाफ: उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों को जाति, वर्ग, पंथ और संस्कृति के कृत्रिम विभाजन को बढ़ाने वाली ताकतों के प्रति आगाह किया है। उन्होंने शनिवार को एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कहा कि ऐसी ताकतें समाज के लिए चिंता करने वाली है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो लोग ऐसी ताकतों के खतरे को समझते हैं वे भी संकीर्ण हितों के कारण इसे नजरअंदाज कर देते हैं।

उपराष्ट्रपति धनखड़ राजधानी दिल्ली में गोपीचंद पी हिंदुजा द्वारा संकलित पुस्तक आई एम के विमोचन के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी आस्था में विश्वास रखने के लिए आजाद है। लेकिन लोगों को भ्रमित कर पैदा की गई आस्था मानव शोषण का सबसे खराब रूप है।

## झूठ व लूट की राजनीति पर लगा पूर्ण विराम: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दिल्ली विधानसभा और उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम झूठ एवं लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम का स्पष्ट संकेत कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष से जो सेवा, सुरक्षा, सुशासन और लोककल्याणकारी कार्य निरंतर चल रहे हैं, यह उनकी विजय है। दिल्ली में विजयी हुए सभी प्रत्याशियों, भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई देता हूं। सीएम योगी



ने कहा कि ढाई दशक के बाद दिल्ली में कमल खिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रणनीतिकार गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह समेत केंद्रीय नेतृत्व का हृदय से अभिनंदन करता हूं। दिल्ली में झूठ व लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम लगा है। अब हमारी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वासी भी विकास, सुशासन और लोककल्याण योजनाओं का सही लाभ प्राप्त करने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग ढाई दशक के साथ ही 11 वर्ष से जो स्थिति पैदा कर दी गई थी, उसने दिल्ली को बहुत पीछे धकेल दिया। जनता को बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया गया। वेलफेयर के नाम पर वास्तविक लोक कल्याणकारी योजनाओं से जनता को वंचित रखकर जिस प्रकार की लूट व झूठ की राजनीति को प्रश्रय दिया गया, उसका पर्दाफाश हुआ।

सीएम योगी ने कहाकि मां यमुना के तट पर बसी दिल्ली विकास का रसास्वादन करेगी दिल्लीवासियों को उन सभी वेलफेयर स्कीम का लाभ प्राप्त हो पाएगा, जिसमें पिछले 11 वर्ष से आम आदमी पार्टी सरकार बैरियर का काम कर रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के परिणाम ने समाजवादी पार्टी के परिवारवाद और झूठ की राजनीति को पूर्ण विराम देते हुए डबल इंजन सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के मॉडल को अंगीकार किया है।

## आप की हार के बाद दिल्ली सचिवालय सील

### उपराज्यपाल के आदेश पर हुआ एक्शन

**दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बड़े बहुमत की ओर है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। अब तक के रुझान बता रहे हैं कि भाजपा यहां 27 साल बाद सत्ता में वापसी करने जा रही है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से लेकर पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तक चुनाव हार गए हैं। दोपहर 3.30 बजे तक भाजपा 30 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है, 18 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। दिल्ली में बहुमत का आंकड़ा 36 है। जिसे भाजपा आसानी से पार करते हुए नजर आ रही है। दिल्ली में सत्ता परिवर्तन की लहर को देखते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने एक आदेश जारी किया है। इसमें सचिवालय के दस्तावेजों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का जिक्र करते हुए कहा गया है कि विभाग की अनुमति के बिना कोई भी फाइल, दस्तावेज, कंप्यूटर हार्डवेयर आदि दिल्ली सचिवालय परिसर के बाहर नहीं ले जाया जा सकता है।

## केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में 9 और 10 फरवरी को कार्यशाला

**भोपाल।** केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी भोपाल में 9 से 10 फरवरी 2025 को उप पुलिस अधीक्षकों, उप निरीक्षकों और आरक्षकों की प्रत्यक्ष भर्ती एवं पुलिस प्रशिक्षण के लिये मॉडल पाठ्यक्रम तैयार करने के संबंध में अपेक्स बॉडी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला की अध्यक्षता केन्द्र सरकार के वरिष्ठतम से.नि. आईपीएस श्री के. विजय कुमार करेंगे। कार्यशाला का उद्घाटन 9 फरवरी को प्रातः 10 बजे और समापन 10 फरवरी को दोपहर 12 बजे होगा। आयोजन संबंधी जानकारी के लिये उप पुलिस अधीक्षक श्री साहिद अहमद से मोबाइल नं.- 9425063786 पर संपर्क किया जा सकता है।

## शुभांशु अंतरिक्ष में लहराएंगे भारत का परचम

**नई दिल्ली।** वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय जवानों की जांबाजी की खबरों से प्रभावित होकर एक चौदह वर्षीय किशोर ने दृढ़ निश्चय किया कि मैं भी सेना में भर्ती होकर देश सेवा करूंगा। आज वह भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन है और उनका नाम है शुभांशु उर्फ गुंजन शुक्ला। शुभांशु हाल ही में नासा द्वारा घोषित किए गए अंतरिक्ष अभियान एक्सिओम मिशन-4 के लिए फाइनल किए गए चार क्रू मेंबर्स के मुख्य पायलट होंगे। वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बनने का कीर्तिमान रचेंगे। धीर-गंभीर स्वभाव के शुभांशु शुक्ला इरादों के पक्के हैं, अवसरों का सदुपयोग करते हैं और सही वक्त पर सही निर्णय भी लेते हैं। इन्हीं खूबियों की वजह से शुभांशु का नाम मिशन के मुख्य पायलट के तौर पर फाइनल किया गया है। शुभांशु शुक्ला का जन्म 10 अक्तूबर, 1985 को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुआ। उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा से सेवानिवृत्त हैं। माता गृहिणी हैं।

शुभांशु के पिता सत्तर के दशक में हरदोई जिले के संडीला से लखनऊ आ गए थे। उनकी दो बहनें निधि और शुचि हैं। शुभांशु ने तीन से अठारह वर्ष की उम्र तक यानी पूरी स्कूली शिक्षा लखनऊ के अलीगंज में स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल से पूरी की। वर्ष 2003 में उन्हें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में चुना गया। ट्रेनिंग के बाद शुभांशु ने विमानन क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल की और 2006 में भारतीय वायुसेना का हिस्सा बने।

## महाकुंभ सनातन संस्कृति का है गौरवशाली उत्सव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पवित्र संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महाकुंभ सनातन संस्कृति का गौरवशाली उत्सव है। विशेष ग्रह नक्षत्रों के शुभ संयोग में होने वाले महाकुंभ में सभी की आस्था का प्रकटीकरण होता है। साथ ही साधु-संतों के सान्निध्य में आत्मिक और आध्यात्मिक उन्नति का अवसर भी प्राप्त होता है। भारत वर्ष में प्रत्येक 12 वर्ष में अलग-अलग चार नगरों में होने वाले कुंभ में स्नान का अवसर कई जन्मों के पुण्य से प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज के महाकुंभ में पधारे श्रद्धालुओं को इस सौभाग्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वे उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ - 2028 के दिव्य और भव्य आयोजन की तैयारी के



संकल्प के साथ प्रयागराज आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पवित्र संगम में डुबकी लगाने के बाद प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ में स्नान के बाद कहा कि माँ गंगा, जमुना और सरस्वती की कृपा है, संगम का किनारा है। प्रयागराज सभी तीर्थों का राजा है। यहां आज कुंभ स्नान का जो आनंद आया है वह कई जन्मों के पुण्य के बाद प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ गंगा, यमुना और सरस्वती का प्रवाह अनंत काल तक निर्बाध रहे, सबका मंगल एवं कल्याण हो, ऐसी कामना करता हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्य सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से उत्तरप्रदेश सरकार ने इस भव्य महाकुंभ का कुशलता से आयोजन किया है। विगत दिनों प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने पवित्र संगम में डुबकी लगा चुके हैं। अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री भी तीर्थराज प्रयाग पधार रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि कुंभ मेले में धर्म के प्रति आस्था के साथ अनेकों साधु-संतों का सत्संग मिलता है, जिससे जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। वृहस्पति के सिंह राशि में प्रवेश करने पर उज्जयिनी में सिंहस्थ का आयोजन होता है। समुद्र मंथन की आलौकिक घटना से भी इसका संबंध है।

इस अवसर पर ऋषि-मुनि, साधु-सन्यासी, तपस्वी एवं श्रद्धालु आस्था के इस महापर्व में शामिल होते हैं और आस्था के साथ पवित्र स्नान करते हैं। उन्होंने कहा कि उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ के लिए, प्रयागराज महाकुंभ में हुई तैयारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों का दल प्रयागराज भेजा गया है। महाकुंभ में पधारे साधु-संतों से भी इस संबंध में मार्गदर्शन लिया जाएगा।

# एनएच 135 सी में 70 दिनों बाद भूमियों के क्रय-विक्रय पर कलेक्टर ने लगाया था रोक

**70 दिनों में बन गये थे ढाई हजार से अधिक मकान, जिले एवं खण्ड स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों ने भवन निर्माण पर नही दिखाया था सख्ती**



**सिंगरौली।** प्रयागराज-बाया चितरंगी, सिंगरौली प्रस्तावित एनएच 135 सी के एलाईमेंट को निरस्त किये जाने के बाद जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तरह-तरह के सवाल उठने लगे हैं।

गौरतलब है कि भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा सिंगरौली, चितरंगी, बगदरा एनएच 135 सी लम्बाई 70 किलोमीटर के अनुमोदित एलाइमेंट को निरस्त कर दिया है। हालांकि यह कार्रवाई भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय नई दिल्ली ने 31 दिसम्बर 2024 को किया था और 6 जनवरी के अन्दर वैकल्पिक एलाइमेंट प्लान प्रस्तुत करने के लिए गुजरात प्रांत के एक कंसल्टेट को जिम्मा सौंगा गया था। वैकल्पिक एलाइमेंट प्लान की स्थिति क्या है अभी कुछ स्पष्ट नही है। लेकिन प्रस्तावित एलाइमेंट को निरस्त किये जाने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह से सवालों के कटघर्रे में घिर गया है। सचिव भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय ने इसका पूरा ठिकरा खण्ड एवं जिला प्रशासन के ऊपर फोड़ा है। आरोप है कि 3 ए भू-अर्जन कार्रवाई के दौरान एवं 3 डी की कार्रवाई पूर्ण होने के पूर्ण ग्रामीणजनों द्वारा अतिक्रमण कर अस्थाई स्ट्रक्चर का निर्माण किया। लेकिन प्रशासन उसे उठाने में नाकाम रहा। आरोप है कि 3 ए भू-अर्जन के लागू होने एवं उप खण्ड अधिकारी चितरंगी के पत्राचार करने के बावजूद कलेक्टर ने गंभीरता से नही लिया और भूमियों के क्रय-विक्रय में रोक लगाने करीब 70 दिन का वक्त लगा दिया और इस दौरान करीब ढाई हजार मकान भी बन गये। हालांकि नये-पुराने मकानों की संख्या करीब 3100 है। अब सवाल उठाया जा रहा है कि जिला प्रशासन अवैध भवनों के निर्माण पर रोक क्यों नही लगाया?

**कहीं खुशी तो कहीं गम**

एनएच 135 सी के अनुमोदित एलाइमेंट को निरस्त किये जाने के बाद कई भाजपा एवं कांग्रेस के नेता अपनी पीठ थप-थपा रहे हैं और यहां तक कह रहे हैं कि हमने खुल कर विरोध किया और एलाइमेंट को निरस्त करने की मांग किया था। भारत सरकार राज मार्ग मंत्रालय ने सून लिया। वही जिन लोगों के द्वारा मकान बनाया गया था और जिनके पुराने मकान बनाये गये थे उन्हें काफी झटका लगा है। वही जिला प्रशासन को दोषी ठहराने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं।

## वैश्य महासम्मेलन ने बसंत पंचमी कार्यक्रम का किया आयोजन



**सिंगरौली।** गनियारी रोड बैढ़न में भगवान भोलेनाथ जी के मंदिर में माता रानी सरस्वती जी का पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य महासम्मेलन महिला जिला इकाई अनीता गुप्ता के द्वारा की गई। सभी महिलाओं के साथ भजन कीर्तन कार्यक्रम कर बसंत पंचमी की बधाई दी गई। प्रकृति में चारों तरफ बसंत-बसंत छा गई है। वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता के द्वारा सभी को आभार किया। कार्यक्रम में उपस्थित वैश्य सम्मेलन जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष चंद्र कली केसरी, मंत्री किरण केसरी, मंत्री मधु जायसवाल, मंत्री मंजू कटारे, खुशबू सोनी, मीडिया प्रभारी अर्चना सोनी, सरला सोनी महामंत्री, आरती चौरसिया उपाध्यक्ष, सहकोष अध्यक्ष अन्य 20 की संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# पैसे पांच गुना करने का लालच देकर ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

**5 से 6 लोगों को बनाया था ठगी का शिकार, बरगवां थाना का मामला**




**सिंगरौली।** मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में सिंगरौली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के बीच बरगवां पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लाखों की ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। आरोपी 6 महीने में रकम पांच गुना कर वापस करने का प्रलोभन देकर चिनगीं टोला क्षेत्र के 5-6 महिला सहित पुरूषों को ठगी का शिकार बनाई थी। कई लोगों ने बरगवां थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कराया था।

मिली जानकारी के अनुसार चिंनगी टोला निवासी छोटे मोहम्मद पिता हबूल मोहम्मद उम्र 60 वर्ष ने बरगवां थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि स्यादा खातून निवासी मेढौली, थाना मोरवा की रहने वाली महिला उसके घर आई और खुद को मुस्लिम समाज की बताकर गरीबों की आर्थिक मदद करने का दावा किया। साथ ही कहा यदि कोई 20 हजार जमा करता है। तो सप्ताह भर में उसे एक लाख वापस मिलेंगे। महिला के प्रलोभन में आकर छोटे मोहम्मद, इसराईल मोहम्मद, सलिता खातून, हसनैन मोहम्मद, मुक्तार मोहम्मद और अरवाज खान ने मिलकर महिला को एक लाख रुपए दे दिए। लेकिन जब तक समय के बाद पैसे की मां की गई तो महिला पैसा वापस करने में आनाकानी करने लगी। महिला की हरकतों से लोगों को लगने लगा कि उनके साथ छल-कपट हुआ है। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस बरगवां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की। जिसके बाद आरोपी स्यादा खातून निवासी मेढ़ौली थाना को गिरफ्तार किया। बरगवां थाना प्रभारी राकेश साहू ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद महिला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के नेतृत्व और एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में एक टीम गठित कर आरोपी स्यादा खातून को गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिला के पास से 2 हजार 1 सौ 50 रुपए भी बरामद किया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि ठगे गए पैसों को उसने अन्य खातों में जमा किया है। पुलिस आरोपी महिला के खातों की जांच कर रही है और जल्द ही ठगी गई राशि की बरामदगी के लिए जांच कर रही है। इनकी रही भूमिका निरीक्षक राकेश साहू के नेतृत्व मे उप निरी आराधना तिवारी, उप निरी रामजी त्रिपाठी, विशेषर साकेत, विजय पटेल, नन्द किशोर बागरी, अनूप मिश्रा, प्रतीक कुमार, अरविन्द यादव, कीर्ति कुशवाहा की भूमिका रही।

## निर्माण कार्यों के नाम पर पुरैल पंचायत में जमकर हुई है अनियमितता

**सिंगरौली।** जिले भर में निर्माण कार्यों के नाम पर पंचायत में जमकर फर्जी वाड़ा का खेल चल रहा है। ऐसा ही मामला जनपद पंचायत देवसर के ग्राम पंचायत पुरैल में देखने को मिला है। जहां पंचायत भवन निर्माण के साथ तालाब निर्माण में जमकर अनियमितता की गई है। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी ने निरीक्षण किया तो खुलासा हुआ कि जमकर निर्माण कार्यों में लीपा-पोती की गई है। अतिरिक्त सीईओ ने रोजगार सहायक को अपने जवाब स्पष्टीकरण के आदेश दिये हैं। जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी ने ग्राम पंचायत पुरैल के ग्राम रोजगार सहायक रामकुमार गुप्ता को

**रोजगार सहायक से मांगा गया स्पष्टीकरण**

पत्र जारी करते हुए कहा है कि बीते 5 फरवरी को मेरे द्वारा ग्राम पंचायत पुरैल का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। जिसमें कोई बोर्ड लगा हुआ नही पाया गया। ग्राम पंचायत भवन निर्माण में जो मजदूर कार्य कर रहे थे उनका मस्टर रोल कार्यस्थल पर नही पाया गया। अभी तक पंचायत भवन के निर्माण के लिए क्या-क्या सामग्री क्रय की गई। उसका स्टाक रजिस्टर भी संधारित नही किया गया। पत्र में यह भी कहा गया है कि मनरेगा योजना के तहत कपसहवा नाला पर तालाब निर्माण में 74 मजदूरों का मस्टर रोल निकाला गया था लेकिन कार्य स्थल पर केवल 5-6 मजदूर ही पाए गए। अतिरिक्त सीईओ ने पत्र में आगे यह भी कहा है कि कार्यस्थल पर यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा था कि कार्य जेसीबी के द्वारा कराया गया है। इस पर उपयंत्री ने बताया कि मिट्टी लूजरिंग का कार्य जेसीबी से कराया गया है जो की अनुमत्य है। मनरेगा के तालाब निर्माण में कार्यस्थल पर न तो बोर्ड लगा हुआ पाया गया और नही मस्टर रोल पाया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी ने जांच में पाया पंचायत निर्माण कार्य में अनियमितताएं की गई है। जिसको लेकर ग्राम रोजगार सहायक से स्पष्टीकरण प्रमाण के साथ 10 फरवरी को 3 बजे उपस्थित होने के आदेश दिए गए है।

# महिला से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार, रास्ते में घेर कर घटना को दिया था अंजाम

**24 घंटे के भीतर लूट के आरोपियों को पकड़ा, माड़ा थाना क्षेत्र के रजमिलान की घटना**

**सिंगरौली**



माड़ा थाना इलाके में महिला के साथ दो बदमाशों ने रास्ते में घेर कर लूटपाट की थी। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की कब्जे से एक नग कान की सोने की बाली, एक नग नाक की सोने की फुलिया, एक नग जोड चांदी की पायल, रियलमी कंपनी का मोबाईल व 27 हजार 5 सौ रुपये बरामद किया। महिला ने माड़ा थाने में लूट का मामला दर्ज कराया था। दोनों आरोपी माड़ा थाना के हैं। मिली जानकारी के अनुसार रजमिलान निवासी एक महिला ने 7 फरवरी को लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि रजमिलान चौराहे से दो बदमाश रैकी कर एक नग कान की सोने की बाली, एक नग नाक की सोने की फुलिया, एक नग जोड चांदी की पायल, रियलमी कंपनी का मोबाईल व नगदी लूट कर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर थाना प्रभारी ने लूट की जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जहां एसपी के निर्देशन और थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना किया। माड़ा थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा ने बताया कि महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी छोटेलाल बसोर पिता शंकर बसोर उम्र 32 वर्ष और हरी प्रसाद बसोर पिता समारु बसोर उम्र 55 वर्ष निवासी रजमिलान को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से लूट लिये गए एक नग कान की सोने की बाली, एक नग नाक की सोने की फुलिया, एक नग जोड चांदी की पायल, रियलमी कंपनी का मोबाईल व 27 हजार 5 सौ रुपए बरामद किया गया। इनकी रही भूमिका आरोपी को गिरफ्तार करने व माल बरामदगी में निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा, उपनि बृजलाल बंसल, रामबहोरी प्रजापति, पतिराज सिंह, अजय यादव, राजकुमार सिंह, सहित नगर रक्षा समिति के सदस्य आत्माराम रजक की सराहनीय भूमिका रही।

# गनियारी के पीसीसी सड़क में लीपापोती करने का आरोप

**अमृत जल-2 पाईप लाईन के संविदाकार पर गंभीर आरोप, अनुबंध के अनुसार नही कराया जा रहा सड़क का कार्य**

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्डो के रहवासियों के लिए शुद्ध पेयजल अमृत-2 पाईप लाईन बिछाने का काम चल रहा है। जहां ननि एवं संविदाकार के बीच अनुबंध है कि जिस स्थिति में सड़क है उसी स्थिति में सड़क बनाकर देना है। किन्तु आरोप है कि पूर्ण की तरह निर्माण कार्य नही कर रहा है। केवल कार्य के नाम पर लीपापोती कर रहा है।



गौरतलब है कि नगरीय क्षेत्र सिंगरौली में अमृत-2 जल प्रदाय के लिए पाईप लाईन का कार्य कई जगह चल भी रहा है। वही संविदाकार सड़को को खोदकर पाईप डाल रहा है। यहां तक तो सही माना जा रहा है। लेकिन संविदाकार पर आरोप है कि एग्रीमेंट के अनुसार सड़के नही बनाई जा रही हैं। संविदाकार केवल लीपापोती करने में जुटा हुआ है। हालांकि यह पहली शिकायत नही है। इसके पहले भी इस तरह की लगातार शिकायते आ रही थी। लेकिन इसपर नगर निगम ने संविदाकार पर कोई ठोस कदम नही उठाया। लिहाजा संविदाकार पीसीसी एवं डामर वाली सड़को को तहस-नहस करने के बाद केवल लीपापोती एवं खानापूर्ति करने में जुटा हुआ है।

**कई बार धस चुकी हैं सड़के**

निर्धारित मापदण्ड एवं अनुबंध के अनुसार क्षतिग्रस्त सड़को को पाईप लाईन के ठेकेदार द्वारा कार्य न कराये जाने के कारण कई सड़के धस चुकी हैं और यहां तक कि यदि भारी वाहन गुजरते हैं तो वाहनों के पहिये भी सड़क में धस जा रहे हैं। आरोप है कि गनियारी वार्ड क्रमांक 41 शिवमंदिर चौराहा के पास सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता विहिन कराया जा रहा है। पार्षद ने भी गुणवत्ता विहिन कार्य का विरोध कर चुके हैं।

## चितरंगी पुलिस ने 88 सीसी पकड़ा कोरेक्स, आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली।** नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत चितरंगी पुलिस बीते 7 फरवरी को बगदरा वन बिहार ढावा के पास घेरा बन्दी करते हुए 88 सीसी आनरेक्स कफ सीरफ के साथ आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।



चितरंगी थाना प्रभारी सुरेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देश में नशे के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी में बताया गया कि मुखविर से सूचना मिली कि लमसरई गढवा मार्ग से चितरंगी तरफ बाइक क्रमांक यूपी 64 एम 5784 से प्रतिबंधित कफ सीरफ बिक्री के लिए लाया जा रहा है। सूचना पर बगदरा वन बिहार ढावा के पास घेरा बन्दी कर तलासी ली गई तो आरोपी अरूण कुमार विश्वकर्मा पिता देव नारायण विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी केकराव थाना गढवा के कब्जे से 88 सीसी प्रतिबंधित कफ सीरफ बरामद हुई। जहां प्रतिबंधित कफ सीरफ के साथ बाइक को जप्त करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सुरेन्द्र यादव, सउनि मोहन पनाडिया, आरक्षक भैया लाल यादव, नन्द लाल यादव, सुभाष पाल, सुदर्शन चौहान, सर्वदानन्द राय की महत्व पूर्ण भूमिका रही।

# दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर विधायक ने बजाई ढोल

**विधायक कार्यालय में जश्न का माहौल, एक-दूसरे को बधाई देकर कराया मुंह मीठा**



**सिंगरौली।** दिल्ली में भाजपा की एतिहासिक फतह मिलने पर सिंगरौली विधायक कार्यालय में जमकर बैंड बाजे के साथ आतिशबाजी की है। वही भाजपा कार्यालय में विधायक ने ढोलक बजाते हुए खुशी जाहिर की।

जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व तथा विधायक राम निवास शाह एवं सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह की विशेष उपस्थित में उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी तथा ढोल नगाड़ों के साथ विजय उत्सव मनाया तथा एक-दूसरे को बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया। वही कार्यकर्ताओं के बीच दिल्ली राज्य तथा अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा के उप चुनावों में मिली प्रचंड विजय पर गजब का उत्साह देखने को मिला। 27 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से भाजपाई गदगद नजर आये तथा प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते नजर आये। साथ ही अपने उद्बोधन में जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता और हमारे प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व तथा उन पर जनता का जो विश्वास है ये उसकी जीत है। विधायक राम निवास शाह ने कहा कि इस प्रचंड विजय के बाद आज दिल्ली आपदा मुक्त हो गई है और दिल्ली अब विकास की नई गाथा लिखने जा रही है। विगत 10 वर्षों में दिल्ली की जनता ने भीषण आपदा देखी है और अब हमारे प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गृहमंत्री के कुशल नेतृत्व में भाजपा ने आपदा को विदा कर दिया है तथा दिल्ली अब अपने आप में इतिहास बनाने जा रही है। दिल्ली की विजय के लिए विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई प्रेषित की है।

## नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर सुबह-सुबह देखी शहर की साफ -सफाई व्यवस्था

**सत्या होटल के समीप बहने वाले नाले की सफाई कराने के दिए निर्देश**

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस ने आज सुबह-सुबह नगरीय क्षेत्र का भ्रमण कर साफ -सफाई व्यवस्था का विधिवत निरीक्षण किया गया।

डिप्टी कमिश्नर ने सर्व प्रथम नगर के सार्वजनिक स्थलो की साफ -सफाई व्यवस्था, सुभल कॉपलेक्स की साफ -सफाई व्यवस्था का अवलोकन कर संबंधितो को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलो की साफ -सफाई व्यवस्था बहेतर बनी रही। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दास्त नही किया जायेगा। तत्पश्चात निगम क्षेत्र के वार्डो का भ्रमण कर कॉलोनियों की साफ -सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया एवं सीटाडेल मैनेजर को निर्देश दिये कि कॉलोनियों में कचरा संग्रहण वाहन समय पर पहुंचकर कचरे का



उठाव सुनिश्चित करें। साथ ही निवासरत लोगों को प्रेरित करें कि सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग कर ही कचरा संग्रहण वाहनो में दे। डिप्टी कमिश्नर के द्वारा सत्या होटल के समीप बहने वाले नाले का भी अवलोकन कर निर्देश दिए गए कि नाले की सुव्यवस्थित साफ - सफाई करायें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास के समीप से बहने वाले नाले का भी निरीक्षण का आवश्यक निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान सीटाडेल मैनेजर रावेन्द्र सिंह सहित आईसी टीम के मेम्बर मौजूद रहे।

## खनिज विभाग की कार्यवाही, अवैध रेत परिवहन करते चार ट्रैक्टर पकड़ाये

**सिंगरौली।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला व खनिज अधिकारी एके राय के निर्देशन में खनिज टीम के द्वारा जयंत और मोरवा क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन करते चार ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। जानकारी में बताया गया कि खनिज बोल्डर का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर एक स्वराज ट्रैक्टर को खनिज विभाग की टीम ने पकड़ते हुए जप्त कर जयंत चौकी में खड़ा कराया गया है।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा (दो पैकेट प्रणाली), इंजीनियरिंग निर्माण शाखा**

**ई. निविदा क्रमांक डिप्टी-सी.ई.-सी.-सीधी-02-2025 दिनांक-29.01.2025**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पश्चिम मध्य रेल, सीधी, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु **ई.-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी-सी.ई.-सी.-सीधी-02-2025, दिनांक-29.01.2025** के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएं बंद होने की तारीख **20.02.2025** एवं समय **15:00 बजे** तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्तनिविदाओं को उपेक्षित कर दिया जायगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्र.:** डिप्टी-सी.ई.-सी.-सीधी-02-2025 दिनांक-29.01.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सीधी स्टेशन यार्ड में कट एंड कवर, प्रीकास्ट आरसीसी नालियों के निर्माण के माध्यम से सुरंग संख्या 03 (पोर्टल 02) पर पोर्टल का विस्ताए, विभिन्न स्थानों पर रॉकबोल्टिंग, वायरमेश और शॉटक्रेटिंग के माध्यम से सुरंग संख्या 01 की कटाई और अंदर की सतह के ढलानों की सुरक्षा और रीवा-सीधी नई रेल लाइन परियोजना में चुरहट-सीधी खंड में अन्य विविध कार्य।, **निविदा का अनुमानित मूल्यः** रु. 186762983.12, **निविदा फार्म की (कीमत रुपये):** रु.0.00, **बयाना राशि (रुपये में):** रु. 1083800.00, **कार्य समापन अवधि (माह):** 8 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक-20.02.2025 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर आनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# शानदार आतिशबाजी के साथ भाजपाइयों ने मनाया दिल्ली जीत का जश्न



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिल्ली चुनाव में मिली प्रचंड जीत को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगुवाई में पार्टी कार्यालय में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक की विशिष्ट उपस्थिति में जीत का जश्न शानदार आतिशबाजी, गाजे बाजे के साथ एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बधाइयां दी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के शानदार नारे कार्यकर्ताओं ने लगाए।

## दिल्ली को मिली आपदा से मुक्ति, सुशासन की हुई जीत : देव कुमार

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने जीत के जश्न के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का परिणाम है। भ्रष्टाचार, झूठ एवं फरेब की पार्टी आपदा से मुक्ति के संकल्प ने प्रचंड विजय श्री दिलाई है। दिल्ली का चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और भारतीय जनता पार्टी के सुशासन की संकल्पना और विकसित भारत संकल्प की जीत है।

## दिल्ली की विजय श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की जीत : रीती

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने दिल्ली की करोडो जनता का अभिनंदन करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव का परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का परिणाम है। झूठ और फरेब की राजनीति करने वाले केजरीवाल की संकल्पना को जनता ने नकारा है। केजरीवाल ने दिल्ली वालों को ठगा है और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा करते हुए दिल्ली के विकास को रोका था, किंतु आज दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को हासिऐ पर लाकर खड़ा किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाने के लिए डबल इंजन की सरकार चुनी है। केजरीवाल के गुरु ने भी केजरीवाल और उनकी पार्टी की नीतियों की कई बार भर्त्सना की है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, लालचंद गुप्त, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अंजू पाठक, अमलेश्वर चतुर्वेदी, सुरेश सिंह चौहान, संदीप शर्मा, जिला महामंत्री विनोद साकेत, सुधीर शुक्ला, विश्व बंधुधर द्विवेदी, कमल कामदार, जिला मंत्री अमित प्रधान, पूजा सिंह कुशराम, रमेश कुमार गुप्ता, अजीत पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, राकेश मौर्य, भानु पाण्डेय, पुष्पराज सिंह चौहान, शिवदान साकेत, धर्मेंद्र शुक्ला, पवन मिश्रा, पुनीत नारायण शुक्ला, विभा शर्मा, रामराज गुप्ता, प्रदीप शुक्ला, रमेश सिंह, दिनेश गुप्ता, रन्नू साकेत, बाबूलाल कुशवाहा, जितेंद्र कुमार तिवारी, सूबेदास यादव, सौरभ द्विवेदी, राकेश चतुर्वेदी, विकास मौर्य, राधा पाठक, बृजेश सिंह, निशा सिंह, श्रवण सिंह सहित सैकड़ो पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चोरी के अलग-अलग मामलों को पुलिस ने किया खुलासा

**सीधी।** कोतवाली पुलिस नें चोरी की अलग-अलग 3 घटनाओं का खुलासा करते हुए लगभग आठ लाख रूपए कीमती मशरुका जप्त किया है। पुलिस के अनुसार फरियादिया करूणा कुशवाहा निवासी अर्जुन नगर की रिपोर्ट पर दिनांक 13 जनवरी 2025 को इश आशय का अपराध पंजीबद्ध कराया गया कि जब फरियादिया दोपहर करीबन 12 बजे से 3 बजे तक सतसंग के लिए पुरानी सीधी गई हुई थी तभी अज्ञात चोरो ने घर के दरवाजे का ताला तोड कर बडी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी 1800 रूपये की चोरी कि गई है। दूसरे मामले में फरियादी विनोद द्विवेदी निवासी अर्जुन नगर की शिकायत पर दिनांक 24 जनवरी 2025 को अपराध पंजीबद्ध इस आशय का किया गया कि दिनांक 24 जरवरी 2025 को दिन में करीबन 2 बजे से रात्रि 9 बजे के दरम्यानी अज्ञात चोरो के द्वारा घर का ताला तोडकर घर में रखी पेटी का ताला तोडा और सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर फरार हो गये।

# वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को

### न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के क्रम में पहली 08 मार्च 2025, दूसरी 10 मई 2025, तीसरी 13 सितंबर 2025 एवं चौथी 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जायेगा। वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 08 मार्च 2025 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री वीरेन्द्र जोशी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। श्री जोशी ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, चेक बाउंस प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित न्यायालय अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# लोक सेवा आयोग की परीक्षा 16 फरवरी को

**सीधी।** अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि परीक्षा नियंत्रक मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग रेसीडेंसी एरिया इंदौर द्वारा प्राप्त निर्देश के पालन में रविवार दिनांक 16.02.2025 को जिला मुख्यालय में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक दो सत्रों में परीक्षा सम्पन्न होना है।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन जारी

### किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा गेंहू का उपार्जन

**सीधी**

किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से शुरू हो गया है। पंजीयन 31 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसान प्रस्तावित खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जायेगा।

# प्राथमिक विद्यालय भंवरा टोला अमिलिया में समय पर नहीं आते शिक्षक



**सिहावल।** जनपद सिहावल क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भंवरा टोला अमिलिया में 11 बजे तक विद्यालय नहीं खोल ने पर जब उसका भ्रमण किया गया तो स्कूल के बच्चे खेलते पाए गए। वहीं अमिलिया प्राचार्य कामता प्रसाद गौतम से बात हुई तो उन्होंने कहा की वहां के शिक्षक लापरवाह हैं। अपने अधिकार, कर्तव्य का पालन नहीं करते, जन शिक्षक दीपक कुमार शुक्ला से बात हुई तो उन्होंने कहा कि आप वीडियो दीजिए हम नोटिस जारी करेंगे। ऐसे में साफ समझ में आता है कि सिहावल क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था पटरी से नीचे जा चुकी है। वहीं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुन्नालाल साकेत सिर्फ प्राइवेट विद्यालय में नवीनीकरण में बिजी हैं। बच्चों के माता-पिता पढने् के लिए बच्चों को विद्यालय भेजते हैं मगर विद्यालय में शिक्षक समय पर नहीं आते, इसलिए इन बच्चों की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह कमजोर हो चुकी है।

# मोदी के नेतृत्व में दिल्ली का होगा विश्व स्तर की राजधानी जैसा विकास: सांसद



**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने भाजपा को दिल्ली चुनाव में मिली रिकॉर्ड जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जेपी नड्डा के कुशल रणनीति को विजय श्री श्रेय दिया है।

दिल्ली की विभिन्न विधानसभा चुनाव मे शानदार चुनाव प्रचार करने वाले सीधी सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी के रूप में आई हुई आपदा का अंत किया। केजरीवाल के घमंड और झूठ की राजनीतिक का सत्यानाश किया है। सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कजरी वाल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि मुझे हराने के लिए मोदी जी को अगला जन्म लेना पड़ेगा, किंतु उसके अहंकार ने इसी जन्म में उसको सबको सिखा दिया।

सांसद डॉक्टर मिश्रा ने दिल्ली की सभी जनता जनार्दन का भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड विजय श्री दिलाने के लिए दोनों हाथ जोड़कर अभिनंदन किया है, साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की है कि इसी प्रकार से जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिलता रहे जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की महाशक्ति बनकर उभरे।

# पुलिस ने 5 हजार के ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**सीधी।** अमिलिया पुलिस नें बालिका पर लैंगिग हमला करने वाले 5000 रूपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीव राजेश पाण्डेय के नेतृत्व मे अमिलिया पुलिस नें बलात्संग के 5000 रूपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार का जिला जेल सीधी दाखिल कराया है।

# वैश्य महासम्मेलन ने जिला चिकित्सालय में मरीज को फल बांट कर किया रक्तदान



**सीधी।** 8 फरवरी को मध्य प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद गुप्ता नाना जी की पुण्यतिथि में जिला चिकित्सालय सीधी में रक्तदान शिविर का आयोजन वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई सीधी द्वारा किया गया इस दौरान वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश और जिला इकाई के पदाधिकारी ने जिला अस्पताल सीधी में पहुंचकर मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया इस मौके पर जिला अस्पताल पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर सुनीता तिवारी और जिला अस्पताल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था फल वितरण के बाद जिला वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी ने रक्तदान केंद्र में पहुंचकर रक्तदान किया।

इस अवसर पर भोला प्रसाद गुप्ता प्रदेश महामंत्री वैश्य महासम्मेलन दिनेश गुप्ता जिला अध्यक्ष सीधी डॉ राहुल जायसवाल अध्यक्ष जिला उकाई सीधी अमित जायसवाल पूर्व जिला अध्यक्ष युवा इकाई सीधी पूनम सोनी महिला उपाध्यक्ष कंचन गुप्ता संभागीय अध्यक्ष महिला वैश्य महासम्मेलन मौजूद रहे।

# सेवा का संसार में है अपना अलग स्थान: इंद्रलाल

**सीधी।** 144 वर्षों के बाद आने वाला महाकुंभ में जिले के चर्चित छात्र इंद्रलाल पटेल एवं टीम ने महाकुंभ प्रयागराज में पहुंच कर।महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे हैं।कभी चाय पानी पिलाकर तो कभी भंडारा करके तो कभी चौराहे में खड़े होकर लोगों को रास्ता बताते दिखाते हैं।तो कहीं जिले के भूले भटके मिले लोगों को रुकने या घर भेजने की व्यवस्था का कार्य टीम के माध्यम से लगातार कर रहे हैं।इंद्रलाल इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र भी रह चुके हैं और उनकी टीम के सदस्य विश्वविद्यालय में अध्यनरत भी हैं।

# बढ़ते अपराधों को लेकर थाना प्रभारी द्वारा रॉयल पब्लिक स्कूल में दी गई छात्रों को जानकारी



**सीधी।** रॉयल पब्लिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल में थाना प्रभारी के द्वारा बढ़ते अपराध को देखते हुए छात्र-छात्राओं के बीच समझाइश दी गई। जिसमें थाना प्रभारी अतर सिंह ने छात्र-छात्राओं को मोबाइल के फ्राड के संबंध में बतलाया कि अगर कोई रिश्तेदार बताता है या कुछ और साथ ही अगर मोबाइल में कोई लिंक भेजी जाती है उसे बिना समझे उसे टच ना करें। ऐसे कई तमाम फ्लाड इस समय चल रहे हैं। उन सब से बचने की जरूरत है। साथ ही बतलाया कि अगर कोई मोबाइल में ओटीपी आता है तो उस ओटीपी को किसी से साझा ना करें। साथ ही ऐसी बात अपने घर के गार्जियन को तुरंत बताएं। साथ ही नजदीकी थाना पर तुरंत संपर्क कर इसकी जानकारी दें। कुछ फ्रॉड ऐसे हो रहे हैं की कोई पुलिस वाला बनकर फोन करें या बैंक का अधिकारी बनकर फोन करें ऐसे कई तमाम फ्रॉड फोन में आ रहे हैं। उन सब से बचने की जरूरत है। फोन में अगर ऐसी कोई बात आती है तो अपने घर के गार्जियन से तुरंत साझा करें। इस कार्यक्रम में चुरहट थाना प्रभारी अतर सिंह, महिला एएसआई साथ ही चुरहट का पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम रॉयल पब्लिक स्कूल में था जिस पर स्कूल के डायरेक्टर राजेश गुप्ता, साथ ही स्कूल का संपूर्ण स्टाफ, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ।

# धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम में 7 फरवरी को शामिल अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति आभार

**सीधी।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला इकाई सीधी के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शांति बंसल के द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ समाचार के प्रांतीय निकाय द्वारा निर्धारित चार चरणों के आंदोलन में से तीसरा चरण का आंदोलन दिनांक 7 फरवरी को मोर्चा के सहयोगी 20 मान्यता प्राप्त एवं 33 गैर मान्यता प्राप्त सहयोगी संगठनों के द्वारा नारे बाजी करते हुए, वीथिका भवन के प्रांगण में धरना प्रदर्शन एवं 51 सूत्रीय मांग को पढ़कर सभी संगठनों के पदाधिकारी को, सुनाया गया तथा भाषण बाजी के उपरांत नारेबाजी करते हुए वीथिका भवन से कलेक्ट्रेट प्रांगण मैं पहुंच कर माननीय कलेक्टर महोदय सीधी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय एवं श्रीमान मुख्य सचिव महोदय मध्य प्रदेश शासन भोपाल को ज्ञापन दिया गया धरना प्रदर्शन में शामिल अधिकारियों कर्मचारियों में से कार्यकारी अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा सचिन अजय सिंह मंटू संयुक्त सचिव कलीराम प्रजापति वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशि भूषण मिश्रा मुकेश मिश्रा श्याम सिंह संतोष साकेत राजेश सिंह रमेश सोंधिया पेंशनर एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष नंद कुमार मिश्रा शिक्षक कांग्रेस के अध्यक्ष कृपा शंकर मिश्रा राज्य कर्मचारी संघ के सह सचिव वीरेंद्र कुमार तिवारी लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के प्रवक्ता भैया लाल गुप्ता अनुराग सिंह गौरव साकेत कुमारी अंजली तिवारी सहसचिव राजकुमार शर्मा महेंद्र कुमार सिंह आउटसोर्स कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा विनीत कुमार पांडे लघु वेतन कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला उपाध्यक्ष अजय सिंह चौहान प्रवक्ता नरेंद्र मिश्रा राजा प्रसाद मिश्रा बीपी मिश्रा स्थाई कर्मी मकरंद सिंह चौहान अस्थाई कर्मी राम मणि केवट अस्थाई कर्मी विकासखंड शाखा सिहावल के सचिव पवन कुमार सिंह शिक्षक संघ के प्रवक्ता सूरज विश्वकर्मा पेंशनर एसोसिएशन संकेत सचिव संजीव सिंह लिपिक वर्ग के विकासखंड शाखा के अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला शिक्षक कांग्रेस संघ के प्रवक्ता शिवराज सिंह चौहान पेंशन अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष त्रिवेणी कॉल राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पाठक शशि भूषण मिश्रा काली राम प्रजापति शिक्षक संघ के सचिन सतीश कुमार पांडे आदि उपस्थित रहे मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष चित्रसेन गौतम के द्वारा धरना प्रदर्शन आंदोलन में शामिल सभी अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# जिला अस्पताल के मर्चुरी में नही है शवों को रखने की व्यवस्था

### बिजली की अव्यवस्था से खराब पड़े हैं डी-फ्रीजर



**सीधी।** सरकारी स्वास्थ्य इंतजामों की कमी से जूझते सीधी जिला में जिंदा तो जिंदा मुर्दा की भी खूब फजीहत होती है। चौंकाने वाली बात तो यह कि जिला मुख्यालय सीधी में संचालित मर्चुरी हाउस की जहां हर कदम कदम पर अव्यवस्थाओं का शिकार होकर मृतकों के परिजन सिर्फ परेशान होने को मजबूर रहते है। यहां की इस अव्यवस्था के आगे क्षेत्र का हर आम खास सिर्फ लाचार और बेबस होकर रह जाता है। आलम यह है कि यहां की मर्चुरी मे शवों को कुछ घंटों तक सुरक्षित ढंग से रखने के लिए नाम के दो फ्रीजर तो है लेकिन ये फ्रीजर काफी लंबे समय से बंद पडे हैं। बताया जाता है कि इन फ्रीजर मे शवों को रखना खतरे से खाली नहीं रहता। क्योंकि इनमें शवों को सुरक्षित करने के लायक तापमान ही नहीं बन पाता है। इसके अलावा भी यहां अन्य कंई ऐसी छोटी-बड़ी अव्यवस्थाएं उफान पर बनी हुई हैं। बीतते समय के साथ यहां की अव्यवस्थाएं पहले से ज्यादा बढ़ती जा रही हैं। इसके बाद भी न तो स्वास्थ्य महकमा और न ही जिला प्रशासन यहां की जरुरतों को लेकर कोई ध्यान देता है। वहीं जिला मुख्यालय में अव्यवस्थित पड़े पीएम हाउस से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिलेभर मे बनाए गए पीएम हाउस के क्या हालात होगें। जिला अस्पताल के इस पीएम हाउस मे कोतवाली क्षेत्र से लेकर जमोड़ी, कमर्जी, समेत आसपास के तमाम क्षेत्र के शव तो आते ही हैं। साथ ही मुख्यालय होने के कारण कई बार संवेदनशील केश में भी शवों को पीएम यहां कराना पड़ता है लेकिन ऐसी जरूरत की के बाद भी यहां शवों को रखने के लिए आज तक फ्रीजर के व्यवस्थित इंतजाम नहीं हो सके हैं। इस पीएम हाउस में बिजली सप्लाई व्यवस्था को भी लडखड़ा, साल भर से ज्यादा का समय होने को है लेकिन इसे दुरस्त कराने न तो अस्पताल प्रबंधन और न ही बिजली महकमा कोई रुचि दिखाता है नतीजा यहां अक्सर पोस्टमार्टम के दौरान डॉक्टर को जब रोशनी की जरूरत पड़ती है तो मजबूरी में मोबाइल के टार्च की रोशनी से काम करना पड़ता है जबकि कायदे से यहां बिजली सप्लाई की सुचारू व्यवस्था के साथ बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था भी होनी चाहिए।

बताया जाता है कि नियम तो यह है कि प्रत्येक पोस्टमार्टम हाउस में शवों को रखने की पर्याप्त सुविधा होनी चाहिए शव परीक्षा करने वाले डॉक्टर फॉरेंसिक लैब से लेकर टेक्नीशियन कंप्यूटर इमेजिंग कक्ष शौचालय बैठने की जगह समेत अन्य आवश्यक इंतजाम होने चाहिए लेकिन जिला मुख्यालय सीधी के पोस्टमार्टम हाउस में तो हालात इसके विपरीत वाले ही बने हुए हैं। पीएम हाउस में रोजाना औसतन 2 से 3 शवो का पीएम होता है सभी पीएम में सुई धागा समेत अन्य जो भी आवश्यक सामग्रियों की जरूरत पड़ती है उसे मृतक के परिजनों को बाहर से खरीद कर ही लाना पड़ता है जब यह इंतजाम पीएम हाउस में पहले से ही होने चाहिए।

बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है जहां कुछ क्षेत्र में पीएम हाउस बना है वहां डॉक्टर भी है लेकिन पीएम के लिए आवश्यक सहायक सफाई कर्मी की सुविधा नहीं होने से डॉक्टर पीएम नहीं करते हैं नतीजा इन सभी का बोझ सीधे जिला पीएम हाउस पर पड़ता है।

## संपादकीय

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही मनरेगा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा से जुड़े श्रमिक लगातार बेरोजगार हो रहे हैं। यह सिलसिला चार वर्षों से जारी है। इस दौरान कई आरोप लगे और सरकार ने सफाई भी दी। मगर अब केंद्र ने अंततः स्वीकार कर लिया है कि वर्ष 2022 से 2024 के मध्य एक करोड़ पचपन लाख से अधिक मजदूरों के नाम हटा दिए गए हैं। आश्चर्य है कि करोड़ों नागरिकों को हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज तो दिया जा रहा है, लेकिन काम नहीं।यह निराशाजनक है कि जो लाखों श्रमिक काम कर रहे थे, अब वे खाली बैठ गए हैं। मनरेगा के माध्यम से प्रतिवर्ष ग्रामीण इलाकों में रोजगार का सृजन किया जाता है। इस योजना में सरकार हर वर्ष बड़ा निवेश करती है। वित्तवर्ष 2024-25 में ही छियासी हजार करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई। यह समझ से परे है कि इतना बड़ा बजट रखने के बावजूद इस योजना से जुड़े श्रमिक क्यों हटाए जा रहे हैं। जबकि संवैधानिक प्रतिबद्धता जताई गई है कि मनरेगा के जरिए ग्रामीण भारत के नागरिकों को देश के विकास से जोड़ा जाएगा। शहरों की तरह गांवों में भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।मनरेगा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को साल में सौ दिन रोजगार देना था। मगर केंद्र की यह महत्त्वाकांक्षी योजना धीरे-धीरे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती गई। धांधली होने लगी, फर्जी कार्ड बनने लगे। यह दुखद ही है कि ग्रामीण बेरोजगारों के लिए धरातल पर उतारी गई योजना पंचायतों, ग्राम प्रधानों और रोजगार सेवकों की मिलीभगत के कारण बर्बाद हो गई।'जाब कार्ड' बनने पर भी श्रमिकों को पता नहीं होता कि उनके खाते में पैसा आया भी कि नहीं। योजना का संचालन कर रहे लोगों के फर्जीवाड़े का ही नतीजा है कि वित्तवर्ष 2023-24 में 85 लाख कार्ड हटा दिए गए थे। यह कोई नई बात नहीं, इससे पहले भी कई राज्यों से मनरेगा सूची से नाम हटाए जाते रहे हैं। बजट राशि भी घटाई जाती रही है। मगर यह कोई उचित रास्ता नहीं कहा जा सकता। सरकार को इसे दुरुस्त करने का तरीका सोचना चाहिए, न कि इसमें कटौती का। अगर यही क्रम रहा तो इस योजना का औचित्य ही क्या रहेगा?

**भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषतः डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है।**

# अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल

(ललित गर्ग)

डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है।

निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषतः डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। इसी कारण अमेरिका जैसे देशों में भारतीय युवा अपने सपनों को पूरा होते हुए देखते है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और प्रतिभा-कौशल के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि अमेरिका के विकास में योगभूत बने हैं। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यही कारण है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी की तुलना में एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी काफी कम रही है। यही कारण है कि इस बार के अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा भी बना था और राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित भी किया, इस वजह से अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि भी प्रभावित हुई है।

भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। इतना ही नहीं, कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है।

अमेरिका से लौटे भारतीयों के दर्द को कम करना होगा एवं समझना होगा। इसके लिये भारत सरकार को व्यापक प्रयास करने होंगे। एक तो अवैध तरीकों से लोगों को विदेश पहुंचाने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त मुहिम चलानी होगी ताकि इस प्रक्रिया पर रोक लगे। दूसरी बात यह कि इसके साथ-साथ भारत में नौकरियों के नए अवसर बनाने पर भी ध्यान देना होगा। ऐसे में एक अहम सवाल यह भी है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिये चिन्हित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे? अन्यथा भारत का युवा हर मोर्चे पर ऐसे अपमान, दर्द, परेशानी के दंश को झेलता रहेगा। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं।

# एक देश एक समय हो तो बढ़ेगी सुविधा और सुरक्षा

(निरंकार सिंह)

भारत अब बिल्कुल सटीक समय निर्धारित करने के लिए जीपीएस की जगह अपने स्वयं के नाविक सिस्टम का उपयोग करने की तैयारी कर रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्रीय केंद्रों में परमाणु घड़ियों पर भरोसा करके 'एक राष्ट्र, एक समय' सुनिश्चित करना, विदेशी प्रणालियों पर निर्भरता कम करना और राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाना है। परमाणु घड़ी माइक्रो सेकंड तक समय मापने में सक्षम होती है। परमाणु घड़ियां परमाणु के कंपन का उपयोग करती हैं। देश में अहमदाबाद और फरीदाबाद में परमाणु घड़ियां लगी हुई हैं, जो सटीक समय बताती हैं। देश भले ही भारतीय मानक समय (आईएसटी) पर चल रहा हो, पर सटीक समय जीपीएस उपग्रहों द्वारा निर्धारित किया जाता है। यह समन्वित सार्वभौमिक समय (यूटीसी) से जुड़ा होता है, पर अगले कुछ महीनों में यह बदलने वाला है, क्योंकि नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (नाविक) राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला से संदर्भ समय प्रदान करने के लिए जुड़ जाएगा। फरीदाबाद की प्रयोगशाला को नाविक से समय मिलेगा, जिसे ऑप्टिक फाइबर लिंक के माध्यम से चार अन्य केंद्रों- अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर और गुवाहाटी के साथ साझा किया जाएगा, जिनमें से प्रत्येक में एक परमाणु घड़ी होगी। परमाणु घड़ियों की तैनाती से यह सुनिश्चित होगा कि डिजिटल घड़ियों, स्मार्टफोन और लैपटॉप पर दिखाया जाने वाला समय परमाणु घड़ियों पर आधारित होगा, न कि सेवा प्रदाताओं द्वारा जीपीएस से जुड़े कई स्रोतों से डाटा एक्सेस करने पर। जल्द ही क्षेत्रीय केंद्र सभी अंतिम उपयोगकर्ताओं को समय का प्रसार करेंगे, जिसके परिणामस्वरूप 'एक राष्ट्र, एक समय' होगा। उपग्रह प्रणाली की परिकल्पना कारगिल युद्ध के तुरंत बाद की गई थी, जब भारत विदेशी उपग्रहों से लक्ष्यों का सटीक स्थान नहीं प्राप्त कर पा रहा था। नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस रणनीतिक महत्व को समझा। लगभग सात साल पहले इस परियोजना पर काम शुरू किया। फरीदाबाद, अहमदाबाद, बेंगलुरु और भुवनेश्वर में परमाणु घड़ियां स्थापित की जा चुकी हैं। कुछ महीने पहले एनपीएल फरीदाबाद के साथ नाविक लिंक का परीक्षण किया गया था। विभाग एनपीएल और इसरो के साथ मिलकर मिली-सेकंड से माइक्रो-सेकंड की सटीकता के साथ आईएसटी प्रसारित करने के लिए काम कर रहा है। इसको ऑप्टिक फाइबर केबल के माध्यम से डाटा साझा करने में लगने वाले समय को समायोजित करने के लिए फरीदाबाद के साथ चार केंद्रों में घड़ियों से जोड़ना होगा। नाविक पहले भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली के नाम से जाना जाता था। यह स्वदेशी उपग्रह नेविगेशन सिस्टम है, जो रणनीतिक उपयोग तक सीमित था। इसे इसरो ने तैयार किया है। उपभोक्ता मामलों के विभाग में पूर्व सचिव रोहित कुमार सिंह के अनुसार, यह भारत का अपना सटीक और विश्वसनीय समय वितरण नेटवर्क स्थापित करेगा, जिससे विदेशी प्रणालियों पर निर्भरता कम होगी और राष्ट्रीय सुरक्षा बढ़ेगी। इससे रक्षा, बिजली ग्रिड, दूरसंचार, बैंकिंग और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लाभ होगा, क्योंकि इससे समन्वित संचालन, दक्षता और साइबर खतरों के खिलाफ लचीलापन सुनिश्चित होगा। इस पर तकनीकी कार्य चल रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने मसौदा नियमों को अधिसूचित किया है, जिसमें देश भर में कानूनी, प्रशासनिक, वाणिज्यिक और आधिकारिक दस्तावेजों के लिए एकमात्र समय संदर्भ के रूप में आईएसटी के उपयोग को अनिवार्य किया गया है। खगोल विज्ञान, नेविगेशन और वैज्ञानिक अनुसंधान जैसे विशेष क्षेत्रों के लिए अपवादों की अनुमति दी जाएगी, जो पूर्व सरकारी अनुमोदन के अधीन होंगे। परमाणु घड़ियों के चरम परिशुद्धता-स्तरों की व्याख्या इस तथ्य से की जा सकती है कि वे हर 10 करोड़ वर्ष या उससे अधिक समय में एक सेकंड घटती या बढ़ती है, जबकि ऑप्टिकल परमाणु घड़ियां 300 अरब वर्षों तक इस सटीकता को बनाए रख सकती हैं। इन घड़ियों की परिशुद्धता एक ऐसी प्रणाली के माध्यम से प्राप्त की जाती है, जो अनुनाद आवृत्ति में किसी भी विचलन का पता लगा लेती है और अनुनाद को बनाए रखने के लिए माइक्रोवेव विकिरण में समायोजन कर लेती है।

**(लेखक पूर्व सहायक संपादक, हिंदी विश्वकोश हैं।ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# सरकार अपनी योजना अमल में ला रही

(अमित सिंघल)

सुधारों को जमीन पर उतारने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने काफी कुछ किया है, लेकिन कुछ बड़े सुधारों को लेकर फिलहाल वह इसलिए उदासीन दिख रही है, क्योंकि इसके लिए उसे दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए, जो एनडीए के पास नहीं है। देखा जाए, तो एक तरह से यह अच्छा ही है। ऐसा इसलिए, क्योंकि किसी भी बड़े सुधार को संसद से पास करवाने और फिर उसे लागू करवाने में सरकार का बहुत समय निकल जाता है, उसका ध्यान भी बंट जाता है। इतना ही नहीं, सुधारों को लागू करवाने के लिए सरकार को कुछ हिंसक और भ्रष्ट तत्वों की हरकतों को नजरंदाज भी करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, जीएसटी, अनुच्छेद 370, सीएए, कृषि सुधार कानून, बैंकिंग सुधार आदि कामों में कई माह-वर्ष लग गए। एकाध मामलों में तो सरकार को अपने कदम भी पीछे खींचने पड़े हैं। इसका कारण यही है कि विपक्षी दल ऐसे सुधारों का विरोध करते हैं, क्योंकि बदलाव से व्यवस्था सुधर जाएगी, जिससे उनको वोट का नुकसान हो सकता है। फिर, वे पुरानी व्यवस्था के अभ्यस्त भी हैं, जिनसे उनको फायदा मिलता है। वैसे, देखा जाए, तो भारतीय जनमानस भी सुधारों को स्वीकार करने में वक्त लेता है। आम लोग भी उन क्षेत्रों में शायद ही सुधार चाहते हैं, जहां उनका आधिपत्य है। जीएसटी इसका बड़ा उदाहरण है। उद्यमी वर्ग इसके विरोध में था, क्योंकि पुराने मॉडल में टैक्स में चोरी आसान थी। मगर सरकार ने सख्ती दिखाई, तो जीएसटी लागू हो गया। इसी तरह, कुछ तत्व सुधारों को रोकने के लिए हिंसा का सहारा भी लेते हैं, जैसे हमने कृषि सुधार कानूनों के संदर्भ में देखा। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद तो कई दलों के नेताओं ने इसे फिर से लागू करने संबंधी बयान भी दिए। अतः केंद्र सरकार ने यह समझ लिया है कि पिछले दस वर्षों में किए गए सुधारों को और सुदृढ़ करो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकेत भी दिया है और कहा है कि आने वाले वर्षों में, पिछले 10 वर्षों में हमने जो किया है, उसकी गति बढ़ाएंगे और उसका विस्तार करेंगे।

## वर्ग पहेली 5637

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | ■ | | ■ | 10 | | ■ |
| ■ | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | 13 |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | 17 | 18 | ■ |
| 19 | | 20 | | ■ | 21 | | |
| | ■ | | ■ | 22 | | | ■ |
| 23 | | | | ■ | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 1977 में यह देश संयुक्त राष्ट्र में भर्ती हुआ (5)
5. पश्चिमी अफ्रीका के इस देश की राजधानी कोनक्री है (2)
7. जिसमें पूंछ लगी हो, पूंछ वाला (4)
8. प्रथा, परिपाटी, नियम (2)
9. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
10. आनंदित, प्रसन्न, शाद, हर्षित (2)
11. दुश्मनी, अदावत, बैर (3)
13. शास्त्रीय संगीत में पांचवा स्वर (1)
14. मोमबत्ती को उर्दू में यह कहते है (2)
16. भगतसिंह के साथ इन्हें भी फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
19. महर्षि वाल्मीकि का एक पौराणिक धार्मिक ग्रंथ (4)
21. गप्पी, झूठ बोलने वाला, वाम पार्श्वीय (3)
22. खटराग, झक्कत (3)
23. प्रारब्ध, किस्मत, भाग्य (4)

**ऊपर से नीचे**

1. ये कौरवों के मंत्री थे जो कृष्ण द्वैपायन के पुत्र थे ये राजनीति, धर्मनीति तथा अर्थनीति में बड़े ही निपुण थे (3)
2. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
3. तो, तब, फिर (2)
4. अठारह पुराणों में से एक जिसमें सनकादिक ने नारद को संबोधित करके कथा कही है (6)
5. शिव, पर्वतों का राजा होने के कारण हिमालय का एक नाम (3)
6. सामाजिक नियम जो लोक-व्यवहार के हेतु बनाए गए है, आचार-व्यवहार (2)
12. राजमुकुट, किरीट, अवतंस (2)
14. सज्जनता, सभ्यीकरण (4)
15. मातुल, जो रिश्तें में माता के भाई हों (2)
17. उद्यान, वाटिका, बाग, फिल्म जगत के प्रसिद्ध गीतकार (4)
18. रूस देश में इस मुद्रा का प्रचलन है (3)
20. हजरत मूसा के धर्म का अनुयायी, जलील किस्म का सरमायादार (उर्दू)(3)

### वर्ग पहेली 5638 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | नी | ता | वि | लि | य | म्स | ■ |
| ख | ल | ना | ■ | या | म | ■ | स |
| दा | ■ | बा | ल | क | ■ | ■ | र |
| य | मु | ना | ■ | त | स | दी | क |
| क | ला | ■ | भू | ■ | म | ना | ना |
| ■ | का | ती | ■ | शे | र | पा | ■ |
| अ | ती | त | ■ | खी | ■ | ठ | ग |
| ज | ■ | ल | ता | ■ | ता | क | त |

# नीतिगत सुधारों को जमीन पर उतारिए

(अवनीश कुमार गुप्ता)

यह सही है कि विकासशील भारत में सुधार के काम लगातार हो रहे हैं। नीतिगत बदलावों और प्रशासनिक सुधारों के सहारे सरकार आर्थिक समृद्धि और सामाजिक सशक्तीकरण की दिशा में प्रयासरत है। मगर बड़ा सवाल यह है कि ये सुधार कितने प्रभावी हैं और क्या ये वास्तव में आम जनता के जीवन को सरल और बेहतर बना पा रहे हैं? आज की नीतियां डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों से प्रेरित हैं, जो आर्थिक विकास को गति देने के लिए बनाई गई हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यही बयान करती है कि सरकार ने उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं तो बनाई, लेकिन लघु एवं मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने में अब भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह, बैंक ऋण योजनाएं तो मौजूद हैं, लेकिन छोटे व्यापारियों को आसानी से कर्ज नहीं मिलता। नोएडा, कानपुर, वाराणसी जैसे शहरों में छोटे उद्योगपति अब भी जटिल प्रक्रियाओं से जूझ रहे हैं।डिजिटलीकरण की बात करें, तो यह अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल भुगतान प्रणाली के जरिये भ्रष्टाचार पर प्रभावी लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी सफलता अब भी संदिग्ध है। प्रयागराज, भदोही, मिर्जापुर जैसे इलाकों में इंटरनेट की सीमित पहुंच और तकनीकी ज्ञान की कमी के कारण आम नागरिक अब भी नकदी लेन-देन पर निर्भर हैं। इससे डिजिटल क्रांति की गति धीमी हो जाती है। रोजगार के क्षेत्र में भी सुधारों की आवश्यकता है। सरकार ने कौशल विकास योजनाएं चलाई हैं, लेकिन इनके तहत प्रशिक्षित युवाओं को उद्योगों में उचित अवसर नहीं मिल पा रहा। कौशल विकास तभी सार्थक होगा, जब उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच कारगर समन्वय कायम होगा। प्रयागराज और लखनऊ जैसे शहरों में कई छात्र प्रशिक्षित तो हो रहे हैं, लेकिन नौकरी न मिलने के कारण वे मजबूरी में पारंपरिक या असंगठित क्षेत्र में काम करने को बाध्य हैं।कृषि सुधारों की दिशा में भी नई नीतियां लागू की गई हैं, लेकिन कई चुनौतियां किसानों तक इनका लाभ पहुंचने नहीं देतीं। उर्वरकों की बढ़ती कीमतें, जल संकट और विपणन की समस्याएं किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। साफ है, सुधारों की गति बनी रहनी चाहिए, लेकिन इन्हें केवल नीति-निर्माण तक सीमित न रखकर जमीनी हकीकत के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। जब तक आम नागरिक को इनका सीधा लाभ नहीं मिलेगा, तब तक सुधारों की श्रृंखला सिर्फ सरकारी आंकड़ों तक सिमटकर रह जाएगी।

## आज का राशिफल

### मेष

आज दिन करियर के मामले में बेहद शुभ है। भाग्य आपका साथ देगा और तरक्की के रास्ते खुलेंगे। धन और सम्मान में वृद्धि से मन प्रसन्न रहेगा। निवेश के लिए दिन अच्छा है, आपको आगे चलकर बेहतर रिटर्न मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने से मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यापार में कुछ नए बदलाव होंगे जो लाभदायक साबित होंगे।

### वृष

आज दिन करियर में सफलता से भरा होगा। आपको तरक?की प्राप?त होगी और आपके सांसारिक सुखों में भी वृद्धि होगी। नौकरी और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखने में कामयाब रहेंगे। शाम को आर्थिक मदद मिल सकती है। इससे सम्मान में भी वृद्धि होगी और मन प्रसन्न रहेगा।

### मिथुन

करियर में मेहनत करने से मनचाही सफलजा प्राप?त होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और नए काम में निवेश से लाभ होगा। शाम के समय परिवार में किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है। वाहन खराब होने से आपको नुकसान हो सकता है। अचानक खर्च बढ़ सकता है।

### कर्क

दिन करियर में लाभदायक है। हर काम में मनचाही सफलता मिलेगी, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। आध्यात्मिक ज्ञान में वृद्धि होगी और आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे। शाम से रात तक भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। बुद्धि-विवेक से नए कामों को पूरा कर पाएंगे।

### सिंह

आज दिन लाभदायक है। किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति हो सकती है। शान-शौकत पर खर्च करेंगे, लेकिन गरीबों की मदद करने से खुशी मिलेगी और पुण्य की प्राप्ति होगी। धन और सम्मान में वृद्धि होगी। अपनी कार्यकुशलता से दूसरों को प्रभावित कर पाएंगे।

### कन्या

आज तरक्की का दिन है। प्रभाव और प्रताप में वृद्धि होगी। शाम के समय कुछ अनचाहा खर्च आ सकता है, लेकिन मजबूरी में करना पड़ेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे। योजनाएं सफल होंगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### तुला

आज परिश्रम से सफलता मिलेगी और समाज और परिवार से सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा लोगों के अधिकार में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। साहस और पराक्रम की प्रशंसा होगी। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे। आपको करियर से जुड़ा कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा और आपको मान सम्मान प्राप्त होगा।

### वृश्चिक

आज दिन मिलाजुला रहेगा। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं, जिससे चिंता हो सकती है। लेकिन शाम को कोई खुशखबरी मिल सकती है। रात में किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिलेगा। धन और सम्मान में वृद्धि होगी और रुके हुए काम पूरे होंगे।

### धनु

आज दिन लाभदायक है। सामाजिक गतिविधियों में मन लगेगा और सम्मान में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में थोड़ी कमी आ सकती है। अपने मन की बात किसी से जल्दी न कहें, इससे रुका हुआ धन मिल सकता है। सेहत का ध्यान रखें और खानपान पर नियंत्रण रखें। लापरवाही से बचें।

### मकर

आज ग्रहों की स्थिति शुभ है। लाभ और तरक्की के योग हैं। निर्णय लेने की क्षमता से लाभ होगा और सम्मान बढ़ेगा। कोई पुराना विवाद सुलझ सकता है। धन लाभ होगा। शाम से रात तक धार्मिक कार्यों में समय बीतेगा और मन प्रसन्न रहेगा। आपका दिन शुभ होगा, मेहनत सफल होगी और आपको शेयर बाजार में पैसा लगाने से बेहतर रिटर्न मिलेगा।

### कुंभ

आज करियर में लाभ और तरक्की वाला है। आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे। नई योजनाओं से भविष्य में लाभ होगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और अच्छे कर्मों से परिवार का नाम रोशन होगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। शाम का समय परिवार के साथ आनंद और तरक्की से भरा होगा। सैर-सपाटे में मन लगेगा।

### मीन

आज सफलता मिलेगी और भाग्य साथ देगा। मानसिक शांति मिलेगी और रुके हुए काम में तरक्की होगी। प्रमोशन के योग हैं। दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रहेंगे। रात में अचानक मेहमान आ सकते हैं, जिससे काम बढ़ सकता है। आपको पैसों के मामले में कहीं से कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

# स्किल इंडिया प्रोग्राम के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने दी 8 हजार 800 करोड़ रुपये की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कैबिनेट ने स्किल इंडिया प्रोग्राम के लिए 8 हजार 800 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है. इस बात की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान शुक्रवार को दी. मंत्री वैष्णव ने सरकार की नीतियों पर बड़ा अपडेट दिया है.

बता दें कि, शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई. केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि, कैबिनेट ने 2022-23 से 2025-26 तक 8,800 करोड़ रुपये के साथ 2026 तक केंद्रीय क्षेत्र योजना कौशल भारत कार्यक्रम यानी की स्किल इंडिया प्रोग्राम को जारी रखने और पुनर्गठन को मंजूरी दी. मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह मंजूरी देश भर में मांग-संचालित, प्रौद्योगिकी-सक्षम और उद्योग-संरेखित प्रशिक्षण को एकीकृत करके कुशल, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है. केंद्रीय मंत्री ने बताया, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 (पीएमकेवीवाई 4.0), प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (पीएम-एनएपीएस) और जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना - तीन प्रमुख घटक, अब कौशल भारत कार्यक्रम की समग्र केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत संयुक्त हैं. इन पहलों का उद्देश्य स्ट्रक्चर्ड स्किल डेवलपमेंट, नौकरी पर प्रशिक्षण और समुदाय आधारित शिक्षा प्रदान करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हाशिए के समुदायों सहित शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी को उच्च गुणवत्ता वाली व्यावसायिक शिक्षा तक पहुंच हो. कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की तीन प्रमुख योजनाओं के तहत, आज तक 2.27 करोड़ से अधिक लाभार्थी हैं. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0: पीएमकेवीवाई 4.0 योजना विशेष परियोजनाओं (एसपी) सहित अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) के माध्यम से एनएसक्यूएफ संरेखित कौशल विकास प्रशिक्षण और पूर्व शिक्षण की मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से पुनः कौशल और कौशल प्रदान करती है, जिसका लक्षित लाभार्थी 15-59 वर्ष की आयु है.

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0

पीएमकेवीवाय 4.0 में कौशल विकास प्रशिक्षण को उद्योगोन्मुख बनाने, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठाने और अधिक सुलभता के लिए परिवर्तनकारी बदलाव किए गए हैं. इस योजना के तहत एक महत्वपूर्ण बदलाव अल्पकालिक कौशल कार्यक्रमों के भीतर ऑन-द-जॉब ट्रेनिंगका एकीकरण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि प्रशिक्षुओं को वास्तविक दुनिया का अनुभव और उद्योग का अनुभव प्राप्त हो. उद्योग की उभरती मांगों और नए युग की तकनीक के आगमन के साथ तालमेल बनाए



रखने के लिए, उभरती प्रौद्योगिकियों और भविष्य के कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए एआई, 5 जी तकनीक, साइबर सुरक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन, ड्रोन तकनीक पर 400 से अधिक नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं. मिश्रित और लचीले शिक्षण मॉडल में अब डिजिटल डिलीवरी शामिल है, जिससे प्रशिक्षण अधिक लचीला हो गया है.

लक्षित, उद्योग-प्रासंगिक कौशल प्रदान करने, शिक्षार्थियों को उच्च-मांग वाली नौकरी भूमिकाओं में अपस्किल, रीस्किल और रोजगार क्षमता बढ़ाने में सक्षम बनाने के लिए, कार्यक्रम 7.5 से 30 घंटे तक के माइक्रो-क्रेडेंशियल और राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक )-आधारित पाठ्यक्रम पेश करता है.

मौजूदा बुनियादी ढांचे के क्रॉस उपयोग को अधिकतम करने और गुणवत्ता प्रशिक्षण तक पहुंच का विस्तार करने के लिए, आईआईटी, एनआईटी और जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी), केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), पीएम श्री स्कूल, टूलरूम, एनआईएलईटी, सीआईपीईटी आदि सहित प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में कौशल केंद्र स्थापित किए गए हैं. पीएमकेवीवाई 4.0 कई क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध पाठ्यक्रम के साथ उद्योग-संरेखित प्रशिक्षण सुनिश्चित करता है, जिससे कौशल अधिक समावेशी और सुलभ हो जाता है. सीखने के परिणामों को बढ़ाने के लिए 600 से अधिक प्रशिक्षु और प्रशिक्षक पुस्तिकाओं का आठ क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया गया है. गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और मूल्यांकन को मजबूत करने के लिए, एक लाख मूल्यांकनकर्ताओं और प्रशिक्षकों का एक राष्ट्रीय पूल विकसित किया जा रहा है, जो प्रशिक्षण केंद्रों में मानकीकरण और विशेषज्ञता सुनिश्चित करेगा. मंत्रालय ने विभिन्न देशों के साथ गतिशीलता भागीदारी समझौते (एमएमपीए) और समझौता ज्ञापन किए हैं और आवश्यक क्षेत्रीय कौशल अंतर अध्ययन किए हैं. इस योजना के तहत, हमारे कार्यबल के लिए अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता अवसरों को बढ़ाने के लिए डोमेन कौशल, संयुक्त प्रमाणन, भाषा प्रवीणता और सॉफ्ट स्किल्स में प्रशिक्षण की सक्षमता शुरू की गई है. कौशल विकास और उद्यमिता पर राष्ट्रीय नीति, 2015 भारत में कुशल जनशक्ति बनाने के लिए प्रमुख घटकों में से एक के रूप में प्रशिक्षुता पर ध्यान केंद्रित करती है. प्रशिक्षुता प्रशिक्षण नौकरी के दौरान व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है, जहां युवा वास्तविक कार्यस्थल पर काम करके कौशल प्राप्त कर सकते हैं और साथ ही, खुद को आर्थिक रूप से सहायता करने के लिए कुछ वजीफा कमा सकते हैं. वैश्विक स्तर पर भी प्रशिक्षुता को कौशल प्राप्त करने और सीखने के दौरान कमाई करने का सबसे अच्छा मॉडल माना जाता है. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना (पीएम-एनएपीएस) शिक्षा से काम तक सीमलेस ट्रांजिशन का समर्थन करती है. साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि ट्रेनी वास्तविक दुनिया के संपर्क के माध्यम से उद्योग-विशिष्ट कौशल प्राप्त करें. भारत में प्रशिक्षुओं और प्रतिष्ठानों दोनों का समर्थन करने के लिए, केंद्र सरकार द्वारा प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रति प्रशिक्षु 1,500 रुपये प्रति माह तक वजीफा का 25 प्रतिशत प्रदान किया जाएगा. यह योजना 14 से 35 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के लिए बनाई गई है, जिससे विभिन्न जनसांख्यिकी वर्गों में कौशल विकास के अवसरों तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित हो सके.

### जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना

जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) योजना एक समुदाय-केंद्रित कौशल पहल है जिसे व्यावसायिक प्रशिक्षण को सुलभ, लचीला और समावेशी बनाने के लिए डिजाइन किया गया है. विशेष रूप से महिलाओं, ग्रामीण युवाओं और आर्थिक रूप से वंचित समूहों के लिए और 15-45 वर्ष की आयु वर्ग के लिए डिजाइन किया गया है. लचीले शेड्यूल के साथ कम लागत वाली, डोरस्टेप ट्रेनिंग देकर, जेएसएस यह सुनिश्चित करता है कि कौशल के अवसर उन लोगों तक पहुंचें जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, जिससे स्व-रोज़गार और वेतन-आधारित आजीविका दोनों को बढ़ावा मिलता है. कौशल विकास से परे, यह कार्यक्रम सामाजिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. समुदायों के भीतर स्वास्थ्य, स्वच्छता, वित्तीय साक्षरता, लैंगिक समानता और शिक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करता है. जेएसएस सरकार की प्रमुख पहलों जैसे, पीएम जनमन, समाज में सभी के लिए आजीवन सीखने की समझ (उल्लास), आदि से जुड़ा हुआ है ताकि समावेशी कौशल को बढ़ावा दिया जा सके.

# विश्व की सबसे लंबी-शक्तिशाली होगी भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन, वैष्णव बोले- परियोजना पर काम शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने हाइड्रोजन ट्रेन चलाने के लिए तेजी से काम शुरू कर दिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन विकसित करने के लिए एक अत्याधुनिक परियोजना पर काम कर रही है। राज्यसभा में एक लिखित जवाब के माध्यम से उन्होंने बताया कि रेलवे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पहली हाइड्रोजन ट्रेन बना रही है, जो दुनिया की सबसे लंबी व शक्तिशाली ट्रेनों में शामिल होगी। पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विकसित हो रही यह ट्रेन अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) की निर्देशों पर आधारित है। सांसद अजीत कुमार भुइयां के प्रश्न के जवाब में वैष्णव ने सदन को बताया कि ट्रेन के साथ-साथ हाइड्रोजन को फिर से भरने के लिए एक एकीकृत हाइड्रोजन उत्पादन-भंडारण वितरण सुविधा के साथ जमीनी स्तर पर बुनियादी ढांचे को तैयार करने पर काम किया जाएगा। पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन से सुविधा लेआउट को लेकर आवश्यक सुरक्षा अनुमोदन मिल चुके हैं। वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना वैकल्पिक ऊर्जा से चलने वाली रेल यात्रा में प्रगति के प्रति भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता को पुख्ता करेगी। इससे देश के परिवहन क्षेत्र का स्वच्छ और हरित भविष्य तय होगा।



## 3 साल में चेन्नई में बने वंदे भारत के 640 कोच

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा को बताया कि पिछले तीन वित्तीय वर्षों में चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी (आईसीएफ) में कुल 640 वंदे भारत कोच का निर्माण किया गया। इसके अलावा, कपूरथला स्थित रेल कोच फैक्टरी (आरसीएफ) को 320 वंदे भारत कोच के निर्माण का उत्पादन लक्ष्य दिया गया है। सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी के सवालों के जवाब में वैष्णव बताया कि कपूरथला स्थित आरसीएफ ने पिछले तीन साल में 5,414 कोच का निर्माण किया है। गौरतलब है कि वंदे भारत ट्रेनें भारतीय रेलवे की प्रतिष्ठित सेमी-हाई स्पीड ट्रेनें हैं। ये यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करती हैं।

# असम के सीएम सरमा ने टाटा समूह के चेयरमैन से की मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को टाटा संस और टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन से नई दिल्ली में पृथ्वीराज रोड स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। घंटे भर चली बैठक में असम में टाटा समूह द्वारा किए जाने वाले आगामी निवेशों पर चर्चा की गई, जिसमें जगीरोड में सेमी-कंडक्टर प्लांट भी शामिल है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में मेगा प्लांट के निर्माण का निरीक्षण किया था।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नटराजन चंद्रशेखरन को 25 और 26 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित एडवांटेज असम 2.0 इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर समिट (एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन) के लिए भी आमंत्रित किया। हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज नई दिल्ली में टाटा कंपनी के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन से मिलकर मुझे बहुत खुशी हुई। असम में समूह के निवेश के बारे में हमारी बातचीत प्रेरणादायक रही। मैं एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं! उल्लेखनीय है कि टाटा समूह असम के जगीरोड पर एक सेमीकंडक्टर प्लांट लगा रहा है जिसमें प्रतिदिन 4.8 करोड़ चिप का उत्पादन होगा। यह राज्य में अब तक के सबसे बड़े निवेशों में से एक है।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल में जाली दस्तावेजों के साथ बांग्लादेशी दंपति को गिरफ्तार किया गया

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में कई वर्षों से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी दंपति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दशरथ बनर्जी (38) और उनकी पत्नी मारी बीबी (33) खुद को भारतीय नागरिक बताकर एडावनकड इलाके में रह रहे थे। पुलिस ने बताया कि दंपति को नजरक्कल पुलिस ने 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत तलाश अभियान के दौरान गिरफ्तार किया। यह अभियान एर्नाकुलम ग्रामीण जिला पुलिस प्रमुख वैभव सक्सेना के नेतृत्व में चलाया गया। जांच से खुलासा हुआ कि दंपति ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था और पश्चिम बंगाल से फर्जी आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था।

### लगातार चौथे महीने जनवरी में भी भारत का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा दिल्ली : रिपोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली लगातार चौथे महीने जनवरी में भी भारत का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। एक स्वतंत्र शोध संगठन द्वारा साझा की गई रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) ने कहा कि जनवरी 2025 में दिल्ली में पीएम(हवा में मौजूद कण)2.5 की औसत सांद्रता 165 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज की गई। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ और शुक्रवार को यह 'मध्यम' श्रेणी में रही। दिल्ली में अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शाम चार बजे 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 156 दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अधिकतम तापमान सामान्य रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, दिन में आर्द्रता का स्तर 33 से 60 प्रतिशत के बीच रहा।

### सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर यूजीसी मसौदा नियमों पर रोक लगाने की मांग की

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) नियमों के मसौदे को स्थगित रखने और राज्यों, शिक्षाविदों तथा अन्य हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सहकारी संघवाद के सिद्धांतों को बनाए रखना आवश्यक है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने यूजीसी के मसौदा नियमों पर प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है और कहा है कि देश भर के राज्य और नेता इन ''संघीय और लोकतंत्र विरोधी नियमों'' का विरोध करने के लिए एक साथ आए हैं।





### महाकुंभ : दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**मुंबई , एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' प्रयागराज पहुंचे, जहां उन्होंने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए 'निरहुआ' ने फैंस से कहा कि चलो कुंभ चलें। इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने दो वीडियोज शेयर किए, जिसमें से पहले वीडियो में वह संगम में डुबकी लगाते और हाथ जोड़कर प्रार्थना करते नजर आए। वहीं, दूसरे वीडियो में वह कुर्सी पर बैठकर चाय पीते नजर आए। पहले वीडियो के साथ उन्होंने गायक कैलाश खेर के गाने 'चलो कुंभ चलें' को भी जोड़ा। वीडियो में अभिनेता पीली धोती के साथ उसी रंग का गमछा लिए नजर आए। दिनेश लाल से पहले अभिनेता राजकुमार राव पत्नी पत्रलेखा के साथ प्रयागराज पहुंचे, जहां उन्होंने संगम में डुबकी लगाई थी। इसके बाद अभिनेता परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचे और स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद भी लिया। अभिनेत्री ईशा गुप्ता भी गुरुवार को अपनी मां के साथ संगमनगरी पहुंची थीं। अभिनेत्री ने कहा था, मुझे संगम आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यहां यूपी सरकार ने काफी अच्छी व्यवस्था की है। मैंने सोशल मीडिया पर एक रील देखी थी, जिसमें एक बुजुर्ग महिला खो गई थी। हम बचपन से सुनते आ रहे हैं कि यहां इतनी भीड़ होती है कि लोग यहां आकर खो जाते हैं। मगर सरकार ने इतनी अच्छी व्यवस्था की है कि जो खोए, वे फिर से अपने परिवार को मिल गए। अभिनेत्री ने व्यवस्था के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी की सराहना करते हुए युवाओं को खास संदेश भी दिया था। उन्होंने कहा, आप किसी भी धर्म से हों, बस खुद को लेकर ईमानदार रहें। विदेश से भी लोग यहां स्नान के लिए आ रहे हैं, तो आप भी आइए। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में फिल्म जगत के तमाम सितारे आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ पहुंचने वाले सितारों की सूची लंबी होती जा रही है। अभिनेता दिनेश लाल यादव, राजकुमार राव से पहले ईशा गुप्ता, पूनम पांडे, किटू गिडवानी, फिल्म निर्माता कबीर खान, कॉमेडियन-अभिनेता सुनील ग्रोवर, गायक-अभिनेता गुरु रंधावा, अविनाश तिवारी, अनुपम खेर, भाग्यश्री, रेमो डिसूजा, सिद्धार्थ निगम, प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा, तनीषा मुखर्जी, ममता कुलकर्णी समेत कई मशहूर हस्तियां इस भव्य आध्यात्मिक समागम में भाग ले चुकी हैं।

# राज्यपाल के आदेश पर ध्यान देते हैं नौकरशाह, जम्मू कश्मीर के विधायकों का आरोप

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर में विधायकों की लापरवाही की शिकायतों के बाद अब निर्वाचित विधायकों को आधिकारिक मशीनरी में विशेषाधिकार और प्रोटोकॉल मिलेगा. केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में कानून-व्यवस्था और नौकरशाही के महत्वपूर्ण मामलों पर उपराज्यपाल का अधिक अधिकार है और मुख्यमंत्री के पास उनसे कम पावर है.

बता दें कि कई विधायकों और सरकारी अधिकारियों की शिकायत है कि दोहरे नियंत्रण ने भ्रम पैदा किया है और नौकरशाही सीएम और विधायकों की तुलना में राज्यपाल के आदेशों पर अधिक ध्यान देती है. विधायकों ने मुख्यमंत्री कार्यालय और उनके सलाहकार से की गई शिकायतों के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने अपने अधिकारियों और कर्मियों से उचित सहयोग करने और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्राथमिकता देने को कहा है.

**जन प्रतिनिधियों के चिह्नित मुद्दों को प्राथमिकता दें :** जनरल एजमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट कमिशनर एम राजू ने आज सभी विभागों के लिए एक आदेश जारी करते हुए कहा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के विधान सभा निर्वाचित सदस्यों से जमीनी स्तर पर शासन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद की जाती है और इसके लिए





यह जरूरी हो जाता है कि सभी सरकारी विभाग, अधिकारी और कर्मचारी उचित सहयोग दें और इन जन प्रतिनिधियों द्वारा उजागर/चिह्नित मुद्दों को प्राथमिकता दें.

**नौकरशाही राज्यपाल के अधीन :** जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 द्वारा शासित केंद्र शासित प्रदेश में राज्यपाल के पास पुलिस, नौकरशाही पर अधिकार है. यानी आईपीएस, आईएएस और आईएफएस अधिकारी उनके अधीन हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक अधिकारी सीएम के शासन के अधीन हैं. सूत्रों ने कहा कि अक्टूबर में निर्वाचित सरकार के शपथ लेने के बाद से एलजी मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला के बीच संघर्ष और मनमुटाव के कई मुद्दे सामने आए हैं. सूत्रों ने बताया कि अक्टूबर में निर्वाचित सरकार के शपथ लेने के बाद से ही एलजी मनोज सिन्हा और सीएम उमर अब्दुल्ला के बीच टकराव और मनमुटाव के कई मुद्दे सामने आए हैं. उन्होंने बताया कि एडवोकेट जनरल की महत्वपूर्ण नियुक्ति अभी भी लंबित है, जबकि निर्वाचित सरकार ने पिछले एडवोकेट जनरल डीसी रैना को पद पर बने रहने की मंजूरी दे दी है. अधिकारियों ने बताया कि जनरल एजमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने अपने ताजा आदेश में प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच विधायकों को लेकर बनी अस्पष्टता को दूर कर दिया है, जिसमें विधायकों को समायोजित करने और उचित प्रोटोकॉल देने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं.

**सभी अधिकारियों को निर्देश :** राजू ने कहा, इसके अनुसार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर के विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिया जाता है कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को सार्वजनिक कार्यालयों में प्राथमिकता के आधार पर उपस्थित होना चाहिए और स्थापित सरकारी मानदंडों और दिशानिर्देशों के अनुसार उचित प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए. उन्होंने अधिकारियों से विधायकों द्वारा उठाए गए मुद्दों और जन शिकायतों को प्राथमिकता देने को कहा है. उन्होंने कहा, यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके अधिकार क्षेत्र में आयोजित सभी आधिकारिक समारोहों और बैठकों में आमंत्रित किया जाए और साथ ही उनके अधिकार क्षेत्र में किसी भी गणमान्य व्यक्ति के आधिकारिक दौरे की स्थिति में भी आमंत्रित किया जाए. इन निर्देशों को तत्काल और सख्त अनुपालन के लिए सभी संबंधितों के ध्यान में लाया जाता है.

## महाराष्ट्र : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी के आरोपों को किया खारिज

**मुंबई, एजेंसी।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोटर लिस्ट में अनियमितताओं के आरोपों को खारिज किया है. उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता जो दिल्ली चुनाव परिणामों में अपनी पार्टी की हार से अवगत हैं, वे ऐसी बातें कहकर खुद का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं. दिल्ली में शुक्रवार को राहुल गांधी ने सुप्रिया सुले और संजय राउत के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस मौके पर राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि पांच महीने की अवधि में महाराष्ट्र



की मतदाता सूची में 39 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं. फडणवीस ने लोकसभा में विपक्षी नेताओं के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले ही भ्रम पैदा करके अपनी विफलता को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं. फडणवीस ने राहुल गांधी से झूठ बोलकर खुद को तसल्ली देने के बजाय आत्मचिंतन करने की अपील की. ??उन्होंने कहा कि आत्मचिंतन के बिना कांग्रेस पार्टी का पुनरुद्धार असंभव है. चुनाव आयोग ने सभी सवालों के स्पष्ट जवाब दिए हैं. यह जानते हुए कि 8 फरवरी को दिल्ली चुनाव के नतीजों के बाद उनकी पार्टी दिल्ली में कहीं नहीं रहेगी, राहुल गांधी अपनी संभावित विफलता को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं. देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वह पहले से ही अभ्यास कर रहे हैं कि दिल्ली के नतीजों के दिन क्या बोलना है.

## कश्मीर में कुछ भी नहीं बदला, महबूबा मुफ्ती की बेटी का दावा, मां और मुझे किया गया है हाउस अरेस्ट

**कश्मीर, एजेंसी।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेता इल्तिजा मुफ्ती ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें और उनकी मां महूबा मुफ्ती को घर में नजरबंद कर दिया गया है, उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें सोपोर और कठुआ जाने से रोकने के लिए उनके घर के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद भी कश्मीर में कुछ भी नहीं बदला है, यहां तक कि पीड़ितों के परिवारों को सांत्वना देना भी अब अपराध माना जा रहा है। इल्तिजा ने एक्स पर लिखा कि मेरी मां और मुझे दोनों को घर में नजरबंद कर दिया गया है। हमारे गेट बंद कर दिए गए हैं क्योंकि उन्हें सोपोर का दौरा करना था जहां वसीम मीर को सेना ने गोली मार दी थी। मेरा आज माखन दीन के परिवार से मिलने के लिए कठुआ जाने का इरादा था और मुझे बाहर निकलने की भी अनुमति नहीं दी जा रही है। चुनाव के बाद भी कश्मीर में कुछ नहीं बदला है. अब तो पीड़ित परिवारों को सांत्वना देना भी अपराध माना जा रहा है। इल्तिजा ने बताया कि उन्हें श्रीनगर हवाई अड्डे से जम्मू के लिए उड़ान भरनी थी और फिर कठुआ जाना था, लेकिन उन्हें श्रीनगर के बाहरी इलाके खिंबर में अपने घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई।

# कर्नाटक सरकार ने माइक्रोफाइनेंस कंपनियों पर लगाम लगाने के लिए पेश किया अध्यादेश, राज्यपाल ने लौटाया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शुक्रवार को कर्नाटक सरकार के माइक्रो लोन और स्मॉल लोन (बलपूर्वक कार्रवाई की रोकथाम) अध्यादेश को वापस भेज दिया. इससे कर्नाटक सरकार की अनरजिस्टर्ड और बिना लाइसेंस वाली माइक्रोफाइनेंस कंपनियों को कर्जदारों पर बलपूर्वक कार्रवाई करने से रोकने के प्रयासों को बड़ा झटका लगा है. साथ ही गहलोत ने सजा और माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र पर इसके संभावित प्रभाव पर चिंता व्यक्त की. बता दें कि पिछले हफ्ते राज्य मंत्रिमंडल ने पारित अध्यादेश में ओर्डिनेंस के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर माइक्रोफाइनेंस कंपनियों के लिए 10 साल तक की कैद और 5 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रस्ताव पेश किया था.इस पर राज्यपाल ने कहा, जब दिए जा जाने वाले कर्ज की अधिकतम राशि 3 लाख रुपये है, तो 5 लाख रुपये का प्रस्तावित जुर्माना अपने आप में प्राकृतिक सिद्धांतों के खिलाफ है.

### क्यों लाया गया अध्यादेश?

पिछले दो महीनों में राज्य के विभिन्न भागों से माइक्रोफाइनेंस कंपनियों ने भोले-भाले कर्जदारों को परेशान करने के मामले सामने आने और कुछ कर्जदारों की आत्महत्या करने की रिपोर्टें सामने आने के बाद राज्य सरकार को माइक्रोफाइनेंस कंपनियों पर लगाम



लगाने के लिए अध्यादेश लाना पड़ा. कठोर दंड के अलावा अध्यादेश में ओर्डिनेंस की तारीख तक कर्ज लेने वालों को ब्याज सहित हर कर्ज से पूरी तरह से मुक्ति देकर उधारकर्ताओं को राहत प्रदान करने की मांग की गई थी. इसके अलावा इसमें प्रावधानों के उल्लंघन के मामले में कर्ज वसूली के लिए किसी भी अदालत में सभी लंबित कार्यवाही को बढ़ावा देने के अलावा अदालतों को कर्जदारों के खिलाफ कार्यवाही करने से रोकना शामिल था.

### मौलिक अधिकारों का उल्लंघन

राज्यपाल ने कहा, अध्यादेश में उन्हें कर्ज देने वालों को अपनी लंबित राशि वसूलने का कोई उपाय नहीं दिया गया है. यह किसी व्यक्ति को उसके अधिकारों और कानूनी उपायों के लिए लड़ने से रोकने के समान है, जो संविधान के तहत दिए गए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है. राज्यपाल ने कहा कि अध्यादेश समग्र रूप से कर्ज देने के सिद्धांतों के खिलाफ लगता है और यह बिजनेस के साथ-साथ छोटे कर्जदारों को भी प्रभावित करेगा, जिनको बैंकों से कर्ज नहीं मिलता है. उन्होंने कहा, यह (अध्यादेश) समाज में सद्भावना और भाईचारे को खत्म कर सकता है, क्योंकि यह कर्ज लेने वालों को लाभ पहुंचाने के साथ-साथ कर्ज देने वालों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने का प्रयास करता है.

### अध्यादेश को बजट सत्र में लाने की सलाह

उन्होंने अध्यादेश की आवश्यकता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा कानून अनधिकृत उधारदाताओं से निपटने के लिए पर्याप्त प्रभावी हैं. ऐसी समस्याओं से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए इनफोर्समेंट मशीनरी द्वारा मौजूदा ढांचे का कुशल कार्यान्वयन काफी है. राज्य सरकार से उनकी चिंताओं को संबोधित करते हुए अध्यादेश को फिर से प्रस्तुत करने के लिए कहते हुए, राज्यपाल ने अध्यादेश को जल्दबाजी में पारित करने के बजाय अगले महीने शुरू होने वाले बजट सत्र में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद एक प्रभावी अधिनियम लाने की सलाह दी.



इंडिया-इंग्लैंड:

# डरने की बात नहीं, विराट कोहली दूसरे वनडे में करेंगे वापसी : शुभमन गिल

**कटक, एजेंसी।** भारत के उप-कप्तान शुभमन गिल ने विराट कोहली की फिटनेस को लेकर आशंकाओं को दूर करते हुए कहा कि यह दिग्गज बल्लेबाज ठीक है और उन्हें रविवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के लिए फिट होना चाहिए। 36 वर्षीय कोहली को अपने दाहिने घुटने में सूजन के कारण नागपुर में वनडे सीरीज के शुरुआती मैच में भाग नहीं लेना पड़ा, जिससे टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम ड्रेस रिहर्सल चल रही थी।

नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की 4 विकेट की जीत में 87 रन की पारी खेलने वाले गिल ने कहा कि यह कोई गंभीर बात नहीं है। वह (कोहली) कल (बुधवार) अभ्यास के दौरान ठीक थे, लेकिन (गुरुवार) सुबह वह अपने घुटने में कुछ सूजन के साथ उठे।

वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे के लिए वापस आएंगे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने कहा कि वह अपने शतक के करीब पहुंचने के दौरान उत्साहित नहीं हुए, उन्होंने यह शॉट खेला होगा, जो अंततः उन्हें मिला, भले ही वह 60 के दशक में हों। साकिब महमूद की गेंद पर जोस बटलर ने मिड-ऑन पर डाइव लगाकर कैच लपका, लेकिन पारी को गति देने की कोशिश कर रहे गिल ने गलत टाइमिंग की जिससे भारत का स्कोर 235/6 हो गया। गिल ने कहा कि नहीं, मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मेरा ध्यान फील्ड प्लेसमेंट पर था और उसी के अनुसार अपने शॉट खेले। मैं गेंदबाज पर हावी होना चाहता था और अगर मैं 60 साल का होता तो भी मैं वही शॉट खेलता। बता दें कि टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे से पहले भुवनेश्वर पहुंच गई है। बल्लेबाज विराट कोहली, उप-कप्तान शुभमन गिल, मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम के अन्य सदस्यों का होटल में जोरदार स्वागत किया गया। मेन इन ब्लू के अलावा इंग्लैंड का भी भुवनेश्वर के उसी होटल में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके साथ ब्रायडन कारसे, हैरी ब्रूक और टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## बीसीसीआई के संयुक्त सचिव पद के लिए रोहन जेटली का नाम सबसे आगे

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अगले



संयुक्त सचिव बनने की रेस में सबसे आगे हैं। दिसंबर 2024 में जय शाह के आईसीसी चेयरमैन चुने जाने के बाद देवजीत सैकिया को सचिव पद पर पदोन्नत किए जाने के बाद से यह पद रिक्त है। बीसीसीआई ने 1 मार्च को मुंबई स्थित अपने मुख्यालय में एक विशेष आम बैठक (एसजीएम) निर्धारित की है, जहां संयुक्त सचिव पद के लिए चुनाव होगा। रिपोर्ट के अनुसार, मैदान में अन्य उम्मीदवारों में क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक डालमिया और मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अधिकारी संजय नाइक शामिल हैं। हालांकि, जेटली वर्तमान में इस पद के लिए सबसे मजबूत दावेदार हैं। सैकिया पहले संयुक्त सचिव का पद संभाल रहे थे। उन्होंने पिछले महीने शाह के पद छोड़ने के बाद सचिव का पद संभाला था। बीसीसीआई ने आगामी चुनाव के बारे में सभी राज्य संघों को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया है। इसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि नए संयुक्त सचिव की नियुक्ति बैठक का एकमात्र एजेंडा होगा। जेटली की संभावित नियुक्ति भारतीय क्रिकेट प्रशासन में उनके बढ़ते प्रभाव को मजबूत करेगी। यदि वे चुने जाते हैं, तो उनसे बोर्ड के प्रमुख निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद की जाएगी। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों और घरेलू क्रिकेट सुधारों की अगुवाई भी उन्होंने की है।

आईएलटी-20:

## डेजर्ट वाइपर ने जीता क्वालिफायर 2, अब दुबई कैपिटल्स संग होगा फाइनल

नई दिल्ली, एजेंसी। डेजर्ट वाइपर ने इंटरनेशनल लीग टी20 में शारजहा वारियर्स को हराकर



फाइनल में जगह बना ली है। अब रविवार को उनका मुकाबला दुबई कैपिटल्स के साथ होगा। वाइपर्स ने लीग चरण में 10 मैचों में सात जीत और तीन हार के साथ 14 अंकों और 0.141 के नेट रन रेट (एनआरआर) के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वे क्वालीफायर 1 में दुबई कैपिटल्स से पांच विकेट से हार गए, जिससे उन्हें क्वालीफायर 2 में जीत की स्थिति में आना पड़ा। क्वालीफायर 2 में शारजहा की ओर से जेसन रॉय ने 73 और करीम जन्नत के 23 रन की बदौलत 162 रन बनाए। जवाब में डेजर्ट वाइपर्स की ओर से एलेक्स हेल्स ने 47, मैक्स होल्डन ने 48 तो सैम कुरेन ने 34 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

मैच जीतने के बाद डेजर्ट वाइपर के कप्तान सैम कुरेन ने कहा कि आज वास्तव में हमने अच्छा किया। फाइनल में पहुंचकर और दुबई में वापस आकर वास्तव में खुशी हुई। शारजाह के शीर्ष छह खतरनाक हैं और हम जानते थे कि हमें शुरुआती विकेट लेने होंगे। आमिर को श्रेय जाता है, वह लगभग हर खेल में हमें शुरुआती विकेट दिलाते रहे हैं। जेसन ने अंत में वास्तव में अच्छा खेला लेकिन ओस कारक आ गया। और फिर हेल्स ने बहुत अच्छा खेला, और फिर डैन और मैंने चीजें खत्म कर दीं। वह एक अनुभवी खिलाड़ी है और उसके खेलने का तरीका ही ऐसा है। बड़े खेल में उसके जैसे खिलाड़ी के लिए कदम रखना हमेशा महत्वपूर्ण होता है।

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने एलेक्स हेल्स ने कहा कि अच्छा लग रहा है, पिच वास्तव में अच्छा खेल रही थी और खुशी है कि लक्ष्य का पीछा करने का समय अच्छा रहा। जब हमने गेंदबाजी की तो पहले 3-4 ओवरों में यह थोड़ा रुका हुआ था, इसलिए हमें पता था कि जब हम बल्लेबाजी के लिए आए तो हमें तालमेल बिठाना होगा।

ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका टेस्ट:

## एलेक्स कैरी ने श्रीलंका के खिलाफ शतक जड़ रच दिया इतिहास, ऐसा करने वाले बने दूसरे विकेटकीपर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच गुरुवार से खेले जा रहे आखिरी मुकाबले में एलेक्स कैरी ने शतक जड़ दिया है. इसी के साथ वो एशिया में शतक लगाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बन गए हैं.

ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला गाले में गुरुवार से खेला जा रहा है. मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को एलेक्स कैरी ने शतक जड़ते ही इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कर लिया है. कैरी अब एशिया में शतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलिया के मात्र दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं. ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला गाले में गुरुवार से खेला जा रहा है. मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को एलेक्स कैरी ने शतक जड़ते ही इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कर लिया है. कैरी अब एशिया में शतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलिया के मात्र दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं. कैरी से पहले यह कारनामा सिर्फ एडम गिलक्रिस्ट ने किया था. गिलक्रिस्ट ने एशिया में कुल 4 शतक लगाए हैं. कैरी दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 139 रन पर नाबाद हैं. इस दौरान उन्होंने 13 चौके और दो छक्के लगाए हैं. कैरी से पहले यह कारनामा सिर्फ एडम गिलक्रिस्ट ने किया था. गिलक्रिस्ट ने एशिया में कुल 4 शतक लगाए हैं. कैरी दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 139 रन पर नाबाद हैं. इस दौरान उन्होंने 13 चौके और दो छक्के लगाए हैं. कैरी की यह पारी काफी खास रही. ऐसा इसीलिए क्योंकि जब वह बल्लेबाजी करने आए तो ऑस्ट्रेलिया बहुत मुश्किल परिस्थित में था. इसके



बाद उन्होंने 118 गेंदों में शतक जड़ कर टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया. कैरी की यह पारी काफी खास रही.

ऐसा इसीलिए क्योंकि जब वह बल्लेबाजी करने आए तो ऑस्ट्रेलिया बहुत मुश्किल परिस्थित में था. इसके बाद उन्होंने 118 गेंदों में शतक जड़ कर टीम को एक मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया. कैरी का यह टेस्ट करियर में दूसरा शतक है. उनका यह शतक दो साल के लंबे समय के बाद आया है. इससे पहले कैरी ने दिसंबर 2022 में अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़ा था. कैरी का यह टेस्ट करियर में दूसरा शतक है. उनका यह शतक दो साल के लंबे समय के बाद आया है. इससे पहले कैरी ने दिसंबर 2022 में अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़ा था. एलेक्स कैरी के साथ-साथ स्टीव स्मिथ ने भी शतक जड़ दिया है.

स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 36वां शतक लगाया है. इसी के साथ स्मिथ और कैरी ने अब तक 239 रन की नाबाद साझेदारी की है. एलेक्स कैरी के साथ-साथ स्टीव स्मिथ ने भी शतक जड़ दिया है. स्मिथ ने अपने टेस्ट करियर का 36वां शतक लगाया है. इसी के साथ स्मिथ और कैरी ने अब तक 239 रन की नाबाद साझेदारी की है.

एलेक्स कैरी एक बार फिर शनिवार को खेलते हुए नजर आएंगे. वह अपनी नाबाद पारी को आगे बढ़ाएंगे. जहां पर उनकी निगाहें टीम को एक बड़ी लीड दिलाने पर होगी. इसी के साथ उनकी नजर अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक लगाने पर भी रहेगी. एलेक्स कैरी एक बार फिर शनिवार को खेलते हुए नजर आएंगे. वह अपनी नाबाद पारी को आगे बढ़ाएंगे. जहां पर उनकी निगाहें टीम को एक बड़ी लीड दिलाने पर होगी.

## पॉल, शापोवालोव, मुनार और रूड डलास ओपन के सेमीफाइनल में

**डलास, एजेंसी।** डलास ओपन खिताब की रक्षा के लिए लगातार तीसरे मैच में टॉमी पॉल ने एक साथी अमेरिकी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुरुआती दौर में जेनसन ब्रूक्सबी और एथन क्विन के खिलाफ तीन सेटों में कड़ी जीत के बाद, तीसरे वरीय खिलाड़ी ने शुक्रवार के क्वार्टर फाइनल में अपने करीबी दोस्त रीली ओपेल्का को 7-6(3), 6-2 से हराकर दमदार प्रदर्शन किया।



पॉल, जो अब 2024 की शुरुआत से घरेलू धरती पर 17-5 के रिकॉर्ड का दावा कर रहे हैं, ने डलास में सात जीत हासिल की हैं। शीर्ष 10 खिलाड़ी के रूप में अपने पहले टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करते हुए, विश्व नंबर 9 अपने 16वें टूर-लेवल सेमीफाइनल (7-8) और इंडोर हार्ड कोर्ट पर अपने चौथे सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उल्लेखनीय रूप से, पॉल ने इस चरण में अपने पिछले चार इंडोर मौकों में से प्रत्येक में खिताब जीता है, जिसमें स्टॉकहोम (2021, 2024) और डलास (2023) में जीत शामिल है। 27 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी के साथ अपने आमने-सामने के मुकाबले में, पॉल की कमांडिंग सर्विस ने उन्हें 6 फुट 11 इंच के ओपेल्का के खिलाफ खेल को नियंत्रित करने की अनुमति दी।

पॉल को ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने अपने पहले सर्व पर 83त्न (34/41) अंक जीते। मैच के बाद पॉल ने कहा, कुछ मौकों पर ब्रेक पॉइंट न मिलने के कारण मैं 0/30 से पीछे था और मुझे वास्तव में उन गेमों में अपने प्रदर्शन को कसना पड़ा... मैं निश्चित रूप से अपने सर्व प्रदर्शन से खुश हूं।

नौ एस फायर करने के बावजूद, ओपेल्का ने रैलियों में पॉल को चुनौती देने के लिए संघर्ष किया, जिसमें बाद वाले ने 90 मिनट के मैच में अपने स्लाइस का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। उपस्थित लोगों में डलास मावेरिक्स के एनबीए स्टार क्ले थॉम्पसन भी शामिल थे, जो आगे की पंक्ति में बैठे थे। पॉल ने माना, कोर्ट में अपनी सर्विस वापस लाना बहुत मुश्किल है।

नेशनल गेम्स:

## हरियाणा को तीरंदाजी में दो स्वर्ण, लवलीना ने भी दिखाया दम, तालिका में सेना की शीर्ष पर वापसी



**देहरादून, एजेंसी।** सेना राष्ट्रीय खेलों में शुक्रवार को 10 स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। सेना ने शुक्रवार को 10 स्वर्ण में से सात पिथौरागढ़ के हुए मुक्केबाजी स्पर्धाओं में हासिल किए।

हरियाणा ने राष्ट्रीय खेलों की तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में अपना दबदबा कायम रखते हुए पुरुष और महिला इंडियन राउंड टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के यशु, आशीष मलिक, राहुल और रवि ने इंडियन राउंड की तीरंदाजी प्रतियोगिता की पुरुष टीम स्पर्धा में जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश के शुभम, मनीष, जयदीप कुशवाहा और अभिषेक ने रजत पदक जीता जबकि महाराष्ट्र के गौरव संजयराव चंदाने, रोशन नारायण सोलंकी, अनिकेत महेंद्र गावड़े और पवन सदनराव जाधव ने कांस्य पदक जीता।

महिला टीम स्पर्धा में हरियाणा ने अपना दबदबा जारी रखा जिसमें निकिता, दिव्या, मोनिका और काजल ने स्वर्ण पदक जीता। मणिपुर की लाईफ्राकपम रोजिना देवी, मोइरांगथेम बेबी देवी, मिलेनिया थोकचोम और हेइक्रुजम रोशिना देवी ने रजत पदक हासिल किया। छत्तीसगढ़ की चांदनी साहू, सुलोचना राज, सुशीला नेताम और हर्षिता साहू की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।

महान जॉर्डन को पीछे छोड़ा

## लेब्रॉन जेम्स एनबीए में 40 अंक स्कोर करने वाले सबसे बुजुर्ग खिलाड़ी बने





**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** लेब्रॉन ने अपने अपने आदर्श और बास्केटबॉल की दुनिया के सबसे बड़े नामों में शुमार माइकल जार्डन को पीछे छोड़ा।

बास्केटबॉल के महानायक 40 वर्षीय लेब्रॉन जेम्स ने एक और इतिहास रच दिया। वह एनबीए के इतिहास में 40 अंक स्कोर करने वाले सबसे उम्रदराज बास्केटबॉल खिलाड़ी बन गए। उन्होंने लॉस एंजिलिस लेकर्स के लिए कुल 42 अंक स्कोर करते हुए गोल्डन स्टेट वॉरियर्स पर अपनी टीम को 120-112 से जीत दिलाई। किंग जेम्स के नाम से मशहूर लेब्रॉन ने अपने अपने आदर्श और बास्केटबॉल की दुनिया के सबसे बड़े नामों में शुमार माइकल जार्डन को पीछे छोड़ा। जॉर्डन ने अपने 40वें जन्म दिन के तीन दिन बाद वाशिंगटन विजार्ड के लिए 2003 में 40 अंक स्कोर किए थे। जेम्स ने यह उपलब्धि 40 वर्ष और 38 दिन में हासिल की।

जेम्स एनबीए इतिहास के सर्वाधिक स्कोरर हैं और रिकॉर्ड 22वें सत्र में खेल रहे हैं। जेम्स ने कहा, इस यात्रा के दौरान जब भी उनका नाम महान खिलाड़ियों के रिकॉर्ड पीछे छोड़ने में जुड़ा, जो उनके लिए शानदार अनुभव रहा। जेम्स के खिलाफ खेल रहे इस खेल एक और बड़े खिलाड़ी स्टीफन करी ने गोल्डन स्टेट के लिए 37 अंक स्कोर किए।

मैच समाप्ति के बाद जेम्स का दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर स्वागत किया। उनके साथी रुई हाचीमुरा ने उनके सिर पर काल्पनिक ताज भी रखा। हालांकि जेम्स इस मैच में तिहरे अंकों का डबल बनाने से चूक गए। वह अभी भी तिहरे अंकों का डबल बनाने वाले एनबीए इतिहास के दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं।

## फॉर्च्यून बरिशाल ने जीता BPL 2025 का खिताब, तमीम इकबाल बने मैन ऑफ द मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फॉर्च्यून बरिशाल ने सफलतापूर्वक अपने खिताब का बचाव करते हुए बीपीएल 2025 फाइनल तीन विकेट से जीता लिया है। ढाका के शेरे बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खचाखच भरे मैदान पर चटगांव की ओर से ख्वाजा ने 66, परवाज ने 78 तो ग्राहम क्लार्क ने 44 रन बनाकर स्कोर 194 तक पहुंचाया। जवाब में खेलने उतरी बरिशाल को कप्तान तमीम इकबाल ने तेज शुरूआत दी। इसके बाद काइल मेयर्स और ऋषद हुसैन ने उपयोगी रन बनाए और टीम को जीत दिला दी।

**चटगांव किंग्स: 20 ओवर में 194/3**

चटगांव किंग्स ने अपने शीर्ष क्रम के मजबूत प्रदर्शन के दम पर 194/3 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। इस दौरान ख्वाजा नफ़े ने 41 गेंदों पर महत्वपूर्ण 57 रन बनाए। जबकि शमीम हुसैन ने बीच के ओवरों में पारी को गति देते हुए 29 गेंदों पर 45 रनों का योगदान दिया। कप्तान मोहम्मद मिथुन ने 24 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई



और मजबूत अंत सुनिश्चित किया। फॉर्च्यून बरिशाल की ओर से मोहम्मद अली ने 4 ओवरों में 32 रन देकर 3 विकेट लिए। शाहीन अफरीदी और तनवीर इस्लाम जैसे अन्य गेंदबाजों ने किफायती गेंदबाजी की, लेकिन अली का प्रदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

**फॉर्च्यून बरिशाल: 19.3 ओवर में 195/7**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी फॉर्च्यून बरिशाल की ओर से कप्तान तमीम इकबाल ने शुरुआती विकेट गिरने के बाद 45 गेंदों पर 62 रनों की पारी खेली। तभी तौहीद हृदॉय ने बीच के ओवरों में लक्ष्य का पीछा तेज करते हुए 32 गेंदों पर 48 रनों की मैच निर्णायक पारी खेली। विकेटकीपर मुश्फिकुर रहीम ने 18 गेंदों पर तेजी से 28 रनों का योगदान दिया। जेम्स फुलर (6 गेंदों पर 14*) और मोहम्मद अली (4 गेंदों पर 10*) ने धैर्य बनाए रखते हुए बारिशाल को जीत दिलाई। चटगांव किंग्स की ओर से खालिद अहमद ने 2 विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम भी 2 विकेट लेने में सफल रहे।

**प्रमुख प्रदर्शन और पुरस्कार**

मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः मोहम्मद अली (फॉर्च्यून बरिशाल) अपने असाधारण गेंदबाजी प्रदर्शन (3/32) और अंतिम ओवरों में महत्वपूर्ण रन के लिए।

प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटः तमीम इकबाल (फॉर्च्यून बरिशाल) ने पूरे टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया, उन्होंने 14 पारियों में 35.08 की औसत से 421 रन बनाए।

स्पोर्ट्स अवार्ड्स:

## ई-स्पोर्ट्स, ब्रेक-डांसिंग बने पुरस्कार के पात्र, जूनियर खिलाड़ियों को नहीं मिलेंगे नकद पुरस्कार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्रालय ने पैरा खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार बरकरार रखे हैं जबकि बधिर, दृष्टिबाधित और बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों की प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि बढ़ाने का फैसला किया है। खेल मंत्रालय ने मल्लखंभ, ई-स्पोर्ट्स और यहां तक कि आलोचकों के निशाने पर रहे ब्रेक-डांसिंग के विश्व और महाद्वीपीय चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार प्राप्त करने का पात्र बना दिया है, लेकिन जूनियर और सब-जूनियर खिलाड़ियों के लिए इस तरह के पुरस्कारों को समाप्त करने का फैसला किया है।

मंत्रालय ने 51 खेलों की एक सूची जारी की है जो नकद पुरस्कार के लिए पात्र होंगे, जिनमें वे सभी खेल शामिल हैं जो ओलंपिक खेलों, एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और विश्व विश्वविद्यालय खेलों के कार्यक्रम का हिस्सा हैं। इस सूची में खो-खो भी शामिल है, जिसका पहला विश्व कप पिछले महीने दिल्ली में हुआ था।

# विभिन्न मांगो को लेकर मप्र कर्मचारी संघ मोर्चा ने मुख्यमंत्री एंव मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** म.प्र.अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रांतीय आह्वान पर निर्धारित चरण बद्ध आंदोलन कार्यक्रम में तृतीय चरण को अपनी लंबित 51 सूत्रीय मांगों को लेकर संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री म.प्र.शासन एवं मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन के नाम सौंपा गया । इस दौरान संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि इन 51 सूत्रीय माँगों में मुख्य रुप से सेवा शर्तों में सुधार, पदोन्नति, पुरानी पेंशन बहाली, अंनुकम्पा नियुक्ति के नियमों में सिथिलता, समय पर वेतन वृद्धि, सेवानिवृत्ति लाभ, पेंशनरो के महगाँई राहत एरियर का भुगतान, कर्मचारीयों को 35 वर्ष की सेवा उपरांत चर्तुथ समयमान वेतनमान, नवनियुक्त कर्मचारियों के स्टायपेंड में 70, 80एवं 90 के स्थान पर 100 प्रतिशत नियुक्ति दिनांक से देय करना, पेंशन की पात्रता 33 वर्ष के स्थान पर केन्द्र के समान 25 वर्ष करना, नायब तहसीलदारों को विभागीय परीक्षा के माध्यम से पदोन्नति एवं ग्रेड पे में वृद्धि करना, तृतीय एवं चर्तुथ श्रेणी के रिक्त पदों पर आउटसोर्स के स्थान पर नियमित कर्मचारी के रुप में नियुक्त करना, कोषालय के लेखा संवर्ग के सदस्यों को राजपत्रित त्री-स्तरीय वेतनमान, क्रमोन्नति, वेतन विसंगति का निराकरण करना, आठवें वेतन आयोग का गठन करना, अतिथि शिक्षक, अतिथि विद्वानों एवं ऑउटसोर्स कर्मचारीयों को शीघ्र नियमित करना, नवीन शैक्षिक संवर्ग,पंचायत सचिवों एवं गुरुजीयों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से नियमित कर्मचारी मान्य करना और कर्मचारियों के हितों सहित विभिन्न मुद्दे शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने वाले पदाधिकारियों में मुख्य रूप से आर. डी.चैरसिया जिलाअध्यक्ष लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ , पुष्पराज सिंह परमार जिलाध्यक्ष म.प्र. राजपत्रित अधिकारी संघ , रामप्रताप प्रजापति जिलाध्यक्ष अजाक्स संघ ,विनोद अवस्थी सचिव मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ,कमलेश त्रिपाठी म.प्र. शिक्षक कांग्रेस संघ , राजकिशोर शर्मा जिलाध्यक्ष म.प्र. समग्र शिक्षक संघ ,डॉ.दिनेश पटेल सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ, हरीराम माली जिलाध्यक्ष म.प्र.राज्य शिक्षक कांग्रेस संघ , सत्येंद्र सिंह परिहार ब्लॉक अध्यक्ष पन्ना म.प्र. राजपत्रित अधिकारी संघ, रामलखन अग्रवाल अधीक्षक ,आशीष रैकवार, महेंद्र सिंह परमार , बसंत राय,श्यामू सिंह , अशोक पाण्डेय जिलाध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ,मनोरंजन वर्मन ,अभी श्रीवास्तव , अनुराग श्रीवास्तव, अभिषेक जैन , जय सिंह ,श्रीमती वंदना प्रजापति, श्रीमती जलसा, श्रीमती सरोज, श्रीमती शकुंतला,हिसाबी लाल सिंगरौल वरिष्ठ उपाध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ, सहित सैकड़ों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## 31 मार्च तक होगा पंजीयन

**पन्ना।** रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन का कार्य गत 20 जनवरी से प्रारंभ है। पंजीयन आगामी 31 मार्च तक होंगे। कृषक गेहूं की बोई गई फसल रकवा अनुसार नजदीकी किसान पंजीयन केन्द्रों में पहुंचकर समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन करवा सकते हैं। साथ ही मोबाइल एप से स्वयं अथवा एमपी ऑनलाइन एवं कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से सशुल्क पंजीयन भी कराया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जिले के समस्त तहसीलों में किसानों के नि:शुल्क पंजीयन के लिए कुल 46 केन्द्र बनाए गए हैं। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित है।

## किसान सम्मान निधि के लिए ई-केवायसी आवश्यक

**पन्ना।** अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय द्वारा जिले के ऐसे कृषकों, जिनके द्वारा अब तक अपने बैंक खातों की ई-केवायसी नहीं कराई गई है, उनसे तत्काल ई-केवायसी पूर्ण कराने की अपील की गई है, जिससे पीएम एवं सीएम किसान सम्मान निधि सहित शासन की अन्य योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# धरमपुर रेंज अंतर्गत पिष्ठा बीट में नर तेदुंआ हुआ शिकार



**पन्ना।** जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत धरमपुर रेंज के पिष्ठा बीट में एक नर तेंदुए का शव फंदा मे लटका मिला है। मृत तेंदुए की उम्र 6 वर्ष बताई गई है। इस मामले में दो संदिग्ध लोगों को पकड़ा गया है जिनसे पूंछतांछ की जा रही है।

उत्तर वन मण्डल के डीएफओ गर्वित गंगवार ने जानकारी देते हुए बताया कि अजयगढ़ - बाँदा मार्ग पर धरमपुर रेंज की पिष्ठा बीट में फंदा लगा मृत तेंदुआ मिला है। मामले की खबर मिलते ही डॉग स्क्वॉड टीम को बुलाकर घटना स्थल का जायजा लिया गया। जिस खेत के किनारे फंदा लगा मृत तेंदुआ मिला है, उस खेत के मालिक को पूंछतांछ के लिए पकड़ा गया है। इसके अलावा पास के ही एक दूसरे खेत की झोपड़ी तक डॉग पहुंचा है, फलस्वरूप झोपड़ी वाले संदिग्ध व्यक्ति को भी पूंछतांछ के लिए पकड़ा गया है।वन मंडलाधिकारी उत्तर पन्ना गर्वित गंगवार ने बताया कि वन्य प्राणियों के शिकार की ऐसी घटनाएं न हों इसके लिए सभी जरूरी एहतियाती कदम उठाये जायेंगे। उन्होने बताया कि आज से ही वन क्षेत्र से लगे खेतों में सघन चेकिंग अभियान शुरू किया जायेगा जो लगातार चलेगा अभियान के दौरान खेतों की बागडें चेक होंगी तथा यह भी देखा जायेगा कि वहां से कोई बिजली की लाइनें तो नहीं निकली। वन परिक्षेत्राधिकारियों सहित बीट गार्डों को शिकार की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए दिशा निर्देश दिए जायेंगे ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।सीसीएफ छतरपुर व वन मंडलाधिकारी उत्तर पन्ना की मौजूदगी में पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता द्वारा मृत तेंदुए का पोस्ट मॉर्टम किया गया। उन्होंने बताया कि फंदा में फंसने के कारण बीती रात तेंदुए की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के बाद मृत तेंदुआ के शव से जांच हेतु सैंपल लिये गये हैं, जिन्हें जाँच हेतु भेजा जायेगा। इस मृत 6 वर्षीय नर तेंदुए के शव का दाह संस्कार नियमानुसार वन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया

## सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ 10 फरवरी को

**पन्ना।** राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार, 10 फरवरी को दोपहर 12 बजे शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़ में किया जाएगा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह शामिल होंगे, जबकि अध्यक्ष जनपद पंचायत अजयगढ़ रामरती यादव एवं नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रहेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम में सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# जिला जेल में लगाया विधिक साक्षरता शिविर



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जिला जेल पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। इस मौके पर जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं प्राधिकरण के प्रभारी सचिव देवेन्द्र सिंह परस्ते ने उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में जेल प्रबंधन द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी लेकर बंदियों के जमानत आदेश प्राप्ति पर सात दिवस में अनिवार्य रूप से रिहाई की कार्यवाही के लिए कहा। साथ ही निर्धारित समयावधि में बंदी की रिहाई नहीं होने पर अविलंब प्राधिकरण को सूचित करने संबंधी दिशा निर्देश भी दिए। बंदियों से जेल में अनुशासन बनाए रखने तथा स्वयं के व्यवहार में आवश्यक सुधार लाने की अपेक्षा की गई। बंदियों को समझाईश दी गई कि अधिवक्ता की आवश्यकता होने पर जेल प्रशासन के माध्यम से अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित करें। प्राधिकरण द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही पर पैनल से नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते हैं। इस दौरान आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य मामलों में समझौता के जरिए अधिकाधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण करवाने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा सहित आनंद त्रिपाठी, पवन पाण्डेय एवं शशांक चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

# कृषि महाविद्यालय में मशरूम उत्पादन का दिया प्रशिक्षण



**पन्ना।** कृषि महाविद्यालय पन्ना में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को मषरूम उत्पादन का दो दिवसीय प्रषिक्षण प्रदान किया गया। अधिष्ठाता डॉ. विजय कुमार यादव ने प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को मशरूम की खेती के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। कम्पोस्ट एवं बीज तैयार करने तथा मषरूम उत्पादन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी के साथ ही बताया गया कि मशरूम एक मृत कार्बनिक पदार्थों पर उगने वाला एक प्रकार का खाने योग्य कवक (फफूँद) होता है, जो वर्षा ऋतु में प्राय: जंगलों एवं घरो में अपने आप उगते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने अनुसंधान के द्वारा खाने योग्य मषरूमों का उत्पादन करना संभव कर लिया है और इसे बहुत सारे युवा उद्योग के रूप में स्थापित भी कर चुके हैं। मशरूम पोषण की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। मशरूम को आहार के रूप में प्राचीन काल से ही उपयोग किया जा रहा है। इसमें उच्च कोटि के प्रोटीन, विटामिन्स, लवण तथा प्रचुर मात्रा में खनिज तत्व विद्यमान है। इसमें सभी प्रकार के आवश्यक एमिनो एसिड भी उपलब्ध है। मशरूम में प्रोटीन की मात्रा लगभग 28 से 32 प्रतिशत पायी जाती है। इसमें पाया जाने वाला प्रोटीन सब्जियों एवं फलों से प्राप्त प्रोटीन से उच्च गुणवत्ता वाला होता है। इसे मधुमेह एवं हृदय रोगियों के लिये भी एक अच्छा व उच्च गुणवत्ता वाला भोज्य पदार्थ माना जाता है। इसकी गुणवत्ता एवं उपयोगिता को देखते हुये विद्यार्थियों को मषरूम उत्पादन के लिये उद्योग लगाये जाने हेतु प्रेरित किया गया तथा मषरूम उत्पादन के लिए आवष्यक सामग्री प्रदान कर पूरी प्रायोगिक प्रक्रिया भी सम्पन्न कराई गई। प्रषिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त षिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बिना बिजली कनेक्शन के बिजली विभाग द्वारा ग्रामीणों को थमाये जा रहे बिल

**पन्ना।** पन्ना जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रनवाहा कें ग्रम कुलुआ के निवासियो ने तहसीलदार गुनौर को ज्ञापन देते हुये बताया कि कुलुआ में बिगत 10 ,15 वर्षो से लाइट के खंभे गड़े हुए हैं ना उस पर कोई तार खींचा गया है इसके बावजूद भी उन ग्राम वासियों के बिजली के बिल मनमाने तरीके से भेज रहे हैं । ग्राम वासियों द्वारा कई बार ज्ञापन दिया गया लेकिन आज दिनांक तक और कोई कार्रवाई नहीं हुई ग्रमीणो ने ज्ञापन सोपते हुये शासन प्रशासन से मामले की जांच करने तथा लापरवाह विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना

## वर्ष 2024-25 की तृतीय किश्त का वितरण 10 फरवरी को

**पन्ना।** मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत पात्र कृषकों को प्रति वर्ष कुल 6 हजार रूपए की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। इस क्रम में योजना अंतर्गत हितग्राही परिवारों को वर्ष 2024-25 की तृतीय किश्त का वितरण सोमवार, 10 फरवरी को किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देवास जिले के सोनकच्छ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के जरिए किश्त राशि अंतरित करेंगे। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला मुख्यालय एवं विकासखण्ड स्तर पर भी कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का ग्राम पंचायत स्तर तक सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

जिला कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही के लिए जिले के समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश जारी किए गए हैं।

## 15 फरवरी से पुन: शुरू होंगी लोक सेवा केंद्रों की सेवाएं

**पन्ना।** एमपीएसईडीसी द्वारा संचालित समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को शीघ्र ही नए सर्वर इंफ्रा एसडीसी 2.0 पर माइग्रेट करने की प्रक्रिया की जानी है, जिससे नए सर्वर इंफ्रा पर माइग्रेट करने से समग्र एप्लीकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होकर समग्र एप्लीकेशन के माध्यम से बेहतर सेवाएं दी जाएंगी। ऐसे में सर्वर माइग्रेशन का कार्य 7 से 14 फरवरी तक किया जाएगा। इस अवधि में लगभग सात दिवस तक समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को पूर्णत: बंद रखा जाएगा। जिला प्रबंधक लोक सेवा पंकज शिवहरे ने बताया कि राज्य और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित स्थानीय निकायों व पंचायतों में संचालित योजनाओं के लिए एक ही छत के नीचे आवेदन करने और उनका लाभ लेने के लिए लोक सेवा केन्द्र संचालित हैं, जिसमें मुख्य रूप से जाति प्रमाण-पत्र, समग्र आईडी अपडेशन सहित 27 विभागों के करीब 250 सेवाओं के कार्य जिले के लोक सेवा केन्द्रों पर होते हैं, जो बंद रहेंगे। इस दौरान एमपी ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल का नए सर्वर पर माइग्रेशन की प्रक्रिया चलेगी। ऐसे में अधिकतर काम प्रभावित होंगे। 15 फरवरी से लोक सेवा केन्द्रों की सेवाएं पुन: शुरू होंगी। इसके कारण उक्त कार्य के लिए पोर्टल पूर्णत: बंद रहेगा। इस अवधि में सभी सेवाएं बाधित रहेंगी। कुछ सेवाएं 2 फरवरी से ही बंद हो गई थीं। सुधार के बाद समग्र एप्लीकेशन के माध्यम से बेहतर सेवाएं दी जाएंगी।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर सोमवार को

**पन्ना।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड संभाग पन्ना द्वारा सोमवार, 10 फरवरी को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। पन्ना शहर वितरण केन्द्र धरमसागर में जिला स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष व सदस्यों की उपस्थिति में शिविर का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित है। विद्युत कम्पनी के कार्यपालन अभियंता द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से शिविर में उपस्थित होकर बिजली बिल, मीटर, लाइन एवं अन्य विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण की अपील की गई है।

## सहकारिता कार्यालय एवं सहकारी संस्थाओं में 13 फरवरी को होगा स्वच्छता कार्यक्रम

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूकता लाने के लिये विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 13 फरवरी को स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा।

इस संबंध में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं ने परिपत्र जारी किया है। जारी परिपत्र में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग एवं संस्थाओं में कार्यालयीन नस्तियों को व्यवस्थित करना, पुराने रिकार्ड के बस्तों में संदर्भ अंकित होना, कार्यालय में इंडेक्स रजिस्टर का संधारण जिसकी मदद से पूर्ण परिसमापन, वैधानिक कार्यवाही, स्थापना आदि के विगत 10 वर्षों के विवरण तत्काल ज्ञात किये जा सकें, जैसे काम हों। साथ ही शौचालयों की सफाई एवं कार्यालयीन कक्षों में रोशनी एवं साज-सज्जा की जाये। विभाग एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी जिला कार्यालय में एकत्रित हों। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर विशेष साफ-सफाई आयोजन के बैनर के साथ एक रैली निर्धारित स्थल जिला सहकारी बैंक, अन्य सार्वजनिक स्थल अथवा किसी संस्था कार्यालय तक सहकारिता एवं स्वच्छता विषयक नारे लगाते हुये निकाली जाये। इस आयोजन के बाद कार्यालय व संस्थावार फोटोग्राफ्स की प्रति वाट्सएप पर तथा हार्ट कॉपी मुख्यालय को अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिये हैं।

# शासकीय सेवक स्वयं कर सकते हैं एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन

**पन्ना।** जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार समस्त नियमित शासकीय सेवकों के एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। अधिकारी-कर्मचारी स्वयं भी अपने एम्पलाई कोड एवं पासवर्ड के जरिए आई एफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर लॉग इन कर एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कर सकते हैं। उपलब्ध ईएसएस लिंक के जरिए समग्र आईडी की प्रविष्टि एवं सत्यापन का कार्य अत्यंत आसान है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में जिले के 85 डीडीओ के विरूद्ध मात्र 14 आहरण-संवितरण अधिकारियों द्वारा ही शत प्रतिशत शासकीय सेवकों का सत्यापन कार्य पूर्ण किया गया है। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर, शासकीय महाविद्यालय शाहनगर एवं जिला परिवहन कार्यालय की प्रगति अब तक शून्य है, जबकि 22 डीडीओ की प्रगति 50 प्रतिशत से कम है।

## अगर कोई शासकीय सेवक ट्रैप हो तो उसे तत्काल निलंबित करें, अभियोजन का इंतजार न करें

**सतना।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि अगर कोई शासकीय सेवक ट्रेप होता है तो उसे तत्काल निलंबित करें। अभियोजन का इंतजार न करें। मुझे भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस चाहिए। बैठक में उन्होंने बिरसिंहपुर तहसीलदार की प्रगति कमजोर मिलने पर उन्हें शो-कॉज जारी करने कहा।

# जेके सीमेन्ट प्लांट कंपनी में हादसा नही गरीब मजदूरो का नरसंहार हुआ है : कंकर मुंजारे

**सरकार प्रशासन तथा प्रबंधन द्वारा घटना को दबाया जा रहा है**

**जिसकी उच्चस्तरीय जांच की जाये**

**पन्ना।** पन्ना जिले के सिमिरिया तहसील अतर्गत ग्रम पुरैना मे संचालित जेके सीमेन्ट कंपनी प्लांट में 30 जनवरी पूज्य बापु की पूण्य तिथि पर बडा हादसा हुआ है जिसमे चार मजदूरो की मौत हो गई तथा दो दर्जन से अधिक मजदुर घायल हुयं है यह प्रशासन द्वाारा उल्लेख किया है कि उक्त संबंध में बालाघाट के पूर्व सांसद तथा राष्टीय क्राति दल के अध्यक्ष कंकर मुंजारे ने आयोजित प्रेस वार्ता मे कहा कि उक्त प्लांट में हादसा नही गरीब मजदुरो का नर संहार हुआ है तथा म्रतको एंव घायल की संख्याा कई गुना है। लेकिन म0प्र की निकम्मी भाजपा सरकार स्थानीय प्रसाशन तथा प्लांट प्रबंधन मुख्या रूप से दोषी है। जिनको अपराधि बनाकर कठोर कार्यव ाही होना चाहिये । क्योकि अभी तक लगभग एक सप्ताहसे अधिक समय बीत गया है प्रशासन द्वारा सिर्फ जांच के नाम पर जिले की गरीब जनता को वरगलाया जा रहा है। आउट सोर्स एंजेसी की तीन कर्मचारियो कें खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जबकी घटना क्रम में मुख्य दोषियो को संरक्षण दिया जा रहा है। श्री मुंजारे ने कहा कि संपूर्ण मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाये । म्रतक परिवार को 1 करोड रूपये मुआवजा दिया जाये घायलो को 50 -50 लाख रूपये की राशि दह जाये म्रतक के परिवारो को एक सदस्य को सरकारी नोकरी दी जाये । इस घटना में जिले के कलेक्टर पुलिस अधीक्षक एंव प्लांट के प्रबंधक जिम्मेदार है जिनके उपर अपराधिक मामला बनाया जाये। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में मोहन सरकार पूरी तरह से फैल हो चुकी है। पूरे प्रदेश मे गुडां राज कायम है आम जनता की कोई सुनने वाला नही है। इसलिये प्रदेश की जनता को इनके खिलाफ एक जुट होकर समय आ गया है। आगे आने वाले समय मे हमारे द्वारा पन्ना जिले में बडा आदोंलन किया जायेगा।

# आयुष विभाग द्वारा लगाया गया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**पन्ना।** आयुष विभाग द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. आर.के. वर्मा के निर्देशन में आज रैपुरा तहसील के ग्राम पिपरिया कला में नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस अवसर पर 185 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। साथ ही नियमित दिनचर्या में योग को शामिल करने का महत्व भी बताया गया। आयुष विभाग की टीम ने शिविर में उपस्थित नागरिकों को हर्बल गार्डन के बारे में जानकारी प्रदान कर नि:शुल्क औषधीय पौधों का वितरण भी किया। शिविर में आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह परमार, डॉ. हिमांशु खरे, परमानंद रजक, मनमोहन राय, मनीष जैन एवं राजेश सोनकर सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वरिष्ठ नेता स्व. अर्जुन सिंह चौहान के आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री शुक्ल ने स्वर्गीय श्री चौहान के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोकाकुल परिजनों को ढाढस बंधाया।



# महाकुंभ पर्व की पुनः बढ़ी भीड़, सजग रहा प्रशासन

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने व्यवस्थाएं बनाने के लिए संभाला मोर्चा



**रीवा।** प्रयागराज महाकुंभ पर्व में एक बार पुनः तीर्थयात्रियों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। रीवा-प्रयागराज मार्ग पर 7 फरवरी को रात से ही वाहनों का दबाव बढ़ गया। सुबह होते-होते चाकघाट से प्रयागराज के बीच में वाहनों की गति बहुत धीमी हो गई। जिसके कारण रीवा-प्रयागराज हाइवे पर बड़ी संख्या में वाहन फंस गए। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने मौके पर जाकर तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। वाहनों को बेला, जोगिनिहाई टोल प्लाजा, श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव तथा चाकघाट में रूकने की व्यवस्था की गई। प्रयागराज के अधिकारियों से सतत संपर्क करके थोड़े-थोड़े अंतराल से वाहन छोड़े गए। हाइवे में जिन स्थानों पर वाहन फंसे हुए थे उन स्थानों में प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों को भोजन, चाय, पानी तथा दवाओं की निःशुल्क व्यवस्था की गई। बेला में आयुक्त नगर निगम सौरभ सोनवड़े, तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला तथा पुलिस अधिकारियों ने वाहनों को व्यवस्थित कराया। चाकघाट से मिली सूचनाओं के आधार पर धीरे-धीरे वाहन छोड़े गए।

कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने बेला, जोगिनिहाई टोल प्लाजा, सोहागी चेकपोस्ट, श्रीयुत महाविद्यालय गंगेव तथा चाकघाट में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्रीयुत महाविद्यालय में अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी ने पुलिस अधिकारियों के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की। यात्रियों को प्रयागराज में वाहनों की स्थिति से अवगत कराकर सुरक्षित स्थान पर विश्राम करके आगे की यात्रा करने की समझाइश दी। कई यात्री गंगेव और मनगवां से प्रयागराज के स्थान पर बनारस की ओर चले गए। श्रीयुत महाविद्यालय परिसर में तीर्थयात्रियों को भोजन और पानी की सुविधा दी गई। चाकघाट रैनबसेरा में भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्री रूके हुए हैं। चाकघाट में एसडीएम त्योंथर संजय जैन पुलिस अधिकारियों के साथ तैनात रहकर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं। यात्रियों को निःशुल्क भोजन, पानी, शौचालय तथा उपचार की सुविधा दी जा रही है। रैनबसेरा में बनाए गए मेडिकल कैंप में तीर्थयात्रियों को दवायें दी गईं।

रीवा-प्रयागराज मार्ग पर वाहनों की भीड़ के कारण यातायात को व्यवस्थित करना बड़ी चुनौती रही। जगह-जगह वाहनों को रोककर यातायात को सुगम बनाने का प्रयास किया गया। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल, एसडीओपी त्योंथर उदित मिश्रा, एसडीओपी सिरमौर उमेश प्रजापति तथा अन्य पुलिस अधिकारियों ने व्यवस्थाएं बनाने में पूरा जोर लगाया। हाइवे पर लगातार वाहनों की निगरानी की जा रही है। प्रयागराज के अधिकारियों से संपर्क करके वाहनों को प्रयागराज के लिए छोड़ा जा रहा है। प्रयागराज जाने के लिए अभी भी आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में वाहन लगातार आ रहे हैं। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लगातार प्रयास कर रहे हैं। तीर्थयात्रियों को प्रशासन के साथ-साथ स्वसहायता समूह, सामाजिक संगठन तथा निजी संस्थाओं द्वारा भी भोजन, पानी, चाय आदि के रूप में सहयोग किया जा रहा है। चाकघाट में युवाओं की टीम ने तीर्थयात्रियों को उनके वाहनों में जाकर निःशुल्क चाय और पानी का वितरण किया। मनगवां में डीबीएल कंपनी की ओर से तीर्थयात्रियों को नाश्ता, भोजन और पानी के पैकेट वितरित कराए गए। आमजनों ने भी तीर्थयात्रियों का यथाशक्ति सहयोग किया। चाकघाट में जल निगम तथा पीएचई विभाग के कर्मचारियों ने तीर्थयात्रियों को भोजन के पैकेट वितरित किए।

# सहकारी समिति बेलवा पैकान के निर्वाचन का कार्यक्रम तय

रीवा

मुख्यमंत्री कृषक उत्पादक सहकारी समिति बेलवा पैकान के निर्वाचन के लिए नियुक्त रिटर्निंग आफीसर वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक केएस मरावी ने बताया है कि समिति के निर्वाचन का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। समिति के संचालक मण्डल में कुल 11 सदस्य चुने जाएंगे। इनमें से 9 अनारक्षित एक अनुसूचित जाति तथा एक अनुसूचित जनजाति वर्ग का होगा। इन सदस्यों में ही अनारक्षित वर्ग में दो पद महिलाओं से चुने जाएंगे। निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र 11 फरवरी को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक समिति कार्यालय बेलवा पैकान में दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 11 फरवरी को ही दोपहर 2 बजे से की जाएगी। उम्मीदवार 13 फरवरी को दोपहर एक बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन कर उन्हें चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। समिति की विशेष साधारण सम्मिलन 19 फरवरी को आयोजित किया गया है। इसमें प्रातः 11 बजे से तीन बजे तक मतदान होगा। समिति में रिक्त स्थानों में संचालकों के सहयोजन की कार्यवाही 20 फरवरी को दोपहर एक बजे से दो बजे तक की जाएगी। रिक्त स्थानों के लिए नामांकन 21 फरवरी को दोपहर एक से दो बजे तक दर्ज किए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन की सूचना 22 फरवरी को सुबह 11 बजे जारी की जाएगी। इनका निर्वाचन 25 फरवरी को दोपहर एक बजे किया जाएगा।

# सेमिनार के माध्यम से बच्चों को अपडेट व अपग्रेड होने के अवसर मिलेंगे : उप मुख्यमंत्री

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता - अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार बच्चों को अपडेट व अपग्रेड होने के अवसर उपलब्ध कराएगी। सेमिनार में सीखी गई बातों से छात्र भविष्य में आने वाली चुनौतियों का कुशलतापूर्वक मुकाबला कर सकेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता - अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के समापन अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि एआई भविष्य की दुनिया है। इसे आधार मानकर आयोजित किया गया सेमिनार विद्यार्थियों को व्यापार, उद्योग, रोजगार एवं अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मददगार साबित होगा। उन्होंने सेमिनार आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा की तथा कहा कि महाविद्यालयों व विद्यालयों में ऐसे सेमिनार लगातार होने चाहिए ताकि इनका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिल सके। उन्होंने कहा कि सफर में धूप तो होगी अगर निकल सको तो चलो, यहाँ कोई किसी को रास्ता नहीं देता अपने आप को बदल सको तो चलो। श्री शुक्ल ने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि देश को विश्वगुरू बनाने में सहभागी बनें। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती विभा श्रीवास्तव सहित प्राध्यापकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है : शुक्ल

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 362 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे, उप मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं




**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है। गरीब बच्चियों की शादी की समस्त जिम्मेदारी सरकार की होती है, प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं और धूमधाम से कन्याओं का विवाह/निकाह होता है। रीवा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 362 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे जिन्हें उप मुख्यमंत्री ने शुभकामना दीं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह सरकार गरीबों, किसानों, बेटियों, युवाओं की सरकार है। हर वर्ग की भलाई के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुफ्त अनाज, निःशुल्क इलाज की सुविधा के साथ ही पक्के आवास व हर घर में जल पहुंचाने का का प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा आगामी वर्षों में तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाकर गरीबों को दिए जाएंगे। श्री शुक्ल ने कहा कि आज के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा 18 लाख रुपए खर्च किए गए हैं तथा प्रति जोड़े 49 हजार रुपए के मान से लगभग एक करोड़ 75 लाख रुपए बेटियों को दिए जा रहे हैं। उन्होंने नवयुगलों को नवीन जीवन की शुभकामनाएं दीं। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम किए जाने में सभी को सहभागी बनना होगा। सभी लोग नियमित अपने स्वास्थ्य की जाँच कराएं। अल्ट्रासाउंड जाँच कराकर माँ व बच्चे सुरक्षित रहें। उन्होंने अपेक्षा की कि एएनएम व आशा कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें और सभी मिलकर स्वस्थ रीवा, स्वस्थ मध्यप्रदेश और स्वस्थ देश बनाने में सहभागी बनें। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, जनप्रतिनिधिगण, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे सहित बड़ी संख्या में नवविवाहित जोड़े तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने 263 लाख रुपए की लागत से निर्मित विद्युत उपकेन्द्र का किया लोकार्पण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने उद्योग विहार चोरहटा में 263 लाख रुपए की लागत से निर्मित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण किया जिसकी क्षमता पाँच व्हीए है। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि आद्योगिक केन्द्र में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण से उद्योगों को पर्याप्त वोल्टेज की विद्युत आपूर्ति होगी। हमारी सरकार का संकल्प है कि इंडस्ट्रियल एरिया में उच्च गुणवत्ता का वोल्टेज मिले तथा चौबीसों घंटे विद्युत की निरंतरता रहे। उन्होंने कहा कि आरडीएसएस योजना के तहत फीडर सेपरेशन के कार्य व सबस्टेशन निर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में चौबीसों घंटे विद्युत मिले। साथ ही शहरी व औद्योगिक क्षेत्रों में भी भरपूर वोल्टेज के साथ विद्युत की आपूर्ति हो। श्री शुक्ल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र रीवा में सब स्टेशन के निर्माण से इस क्षेत्र को बड़ी उपलब्धि मिली है। हमारा प्रयास है कि स्थितियों को बेहतर से बेहतर बनाया जाए। इसी क्रम में सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं।

इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर विकास के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कर रही है। केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य स्तर पर विकासात्मक कार्य रीवा में भी किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि समर्पण भाव से कार्य करें तथा प्रदेश को विकसित राज्य बनाने व योजनाओं का पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने को प्राथमिकता दें। इस दौरान अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बीके शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सब स्टेशन के विषय में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्याक्रम में अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, एमपीआईडीसी के ईडी यूके तिवारी सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक तथा उद्यमी उपस्थित रहे।

# टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली को लेकर ननि ने कड़ा रुख अपनाया

**रीवा।** नगर निगम रीवा क्षेत्र में टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली को लेकर अवैध वसूली की शिकायत के बाद नगर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। संविदाकार संदीप कुमार तिवारी और उनके कर्मचारी जावेद के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली रीवा में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु पत्र भेजा गया है। यह कार्रवाई विन्ध्य सब्जी उत्पादक किसान एवं विक्रेता संघ के संयोजक श्री जे.पी. कुशवाहा द्वारा दी गई शिकायत के बाद की गई, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बाजार बैठकी के नाम पर 20 से 100 रूपये तक की अवैध वसूली की जा रही है।

# उप मुख्यमंत्री आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 9 फरवरी को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री सुबह 10.45 बजे रीवा से प्रस्थान कर दुर्मनकूट धाम दुआरी पहुंचेंगे।

उप मुख्यमंत्री दुर्मनकूट में योगी सम्राट परमहंस देवरहा बाबा की प्रतिमा के महाभिषेक एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद उप मुख्यमंत्री दुआरी से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 4 चोरहटा में अनुसूचित जाति बस्ती खोखम पहुंचकर कायाकल्प योजना से स्वीकृत पहुंच मार्ग का भूमिपूजन करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 2.50 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे तथा दोपहर 3 बजे वायुयान से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बोर्ड परीक्षाओं में नहीं लगेगी अशासकीय स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी

रीवा

जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से तथा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 27 फरवरी से आरंभ हो रही है। अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में परीक्षा कक्षों में अशासकीय स्कूल के शिक्षकों की ड्यूटी न लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने कहा है कि सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा बोर्ड परीक्षाओं के केन्द्राध्यक्ष परीक्षा केन्द्र के कक्षों में अशासकीय शिक्षकों की ड्यूटी न लगाएं। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में 20 परीक्षार्थियों पर एक पर्यवेक्षक के मान से परीक्षा में शिक्षकों की ड्यूटी लगाएं। हर परीक्षा केन्द्र में कम से कम तीन शिक्षक रिजर्व ड्यूटी में अनिवार्य रूप से रखें। जिन अशासकीय स्कूलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं उनमें भी स्थानीय सहायक केन्द्राध्यक्ष के रूप में अशासकीय शिक्षक की ड्यूटी न लगाएं।

# उप मुख्यमंत्री आज दुर्मनकूट में करेंगे ब्रम्हर्षि देवरहा बाबा की प्रतिमा का महाभिषेक

**रीवा।** गुढ़ तहसील के दुआरी गांव में स्थित दुर्मनकूट में ब्रम्हर्षि श्री देवरहा बाबा की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 9 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल दोपहर 12 बजे ब्रम्हर्षि देवरहा बाबा की प्रतिमा का महाभिषेक करेंगे। समारोह की अध्यक्षता विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद श्री जनार्दन मिश्र तथा जिलाध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र गुप्ता शामिल होंगे। समारोह में देवरहा बाबा के परमशिष्य स्वामी अवधेश्वर प्रपन्नाचार्य जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक श्री जितेन्द्र मिश्र ने आमजनों से इस समारोह में शामिल होने की अपील की है।

# शहीदों की यशभूमि आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र प्रेम का संदेश देगी : शुक्ल

## उप मुख्यमंत्री ने नैकहाई शौर्य स्मारक में निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि शहीदों की यशभूमि आने वाली पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम का संदेश देगी। यह भूमि आने वाली पीढ़ी को अमर बलिदानियों के शहादत को याद रखने का मार्ग प्रशस्त करेगी। श्री शुक्ल ने रीवा शहर में स्थित शौर्य भूमि नैकहाई में 1703 के बुंदेला युद्ध एवं 1796 के पेशवा युद्ध के अमर बलिदानियों के पुण्य स्मरण समारोह संगम तीर्थ की बाउण्ड्रीवॉल प्रवेश एवं निर्गम द्वार का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर छतरियों के जीर्णोद्धार, कीर्ति स्तंभ, संग्रहालय, बाबड़ी एवं मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य आगामी एक वर्ष में पूर्ण कर लिए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने लगभग 75 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा एक करोड़ 25 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए राजनैतिक इच्छाशक्ति आवश्यक होती है। शहीदों की पुण्यभूमि के पुनरूद्धार के लिए श्री लालबहादुर सिंह व श्री बृहस्पति सिंह ने प्रयास किए और आने वाले वर्ष में 8 फरवरी 2026 को यह शौर्य स्मारक पूर्णतः सौन्दर्यीकृत व सुसज्जित होकर इतिहास की कहानी बखान करेगा जिससे यहाँ आने वाले लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा में पर्यटकों को इस वीर भूमि के दर्शन होंगे जहाँ महारानी कुंदन कुमारी के नेतृत्व में वीरता का इतिहास अंकित हुआ था जिसे चिरस्थाई बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों और महान व्यक्तियों के शुभ आशीर्वाद से रीवा विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। हमें अपने पितरों की पूजा अर्चना करनी चाहिए क्योंकि इन्हीं के आशीर्वाद से सुख समृद्धि व विश्वास आता है। श्री शुक्ल ने कार्यक्रम में अमर बलिदानियों का पुण्य स्मरण करते हुए उनकी शहादत को नमन किया। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री लाल बहादुर सिंह ने नैकहाई इतिहास की जानकारी दी तथा उप मुख्यमंत्री जी को शौर्य स्मारक के पुनरूद्धार कार्य के लिए साधुवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन रविनंदन सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन सत्येन्द्र शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रामपाल सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, अध्यक्ष नगर निगम श्री व्यंकटेश पाण्डेय, निर्मला बहन, एमपीआईडीसी के ईडी यूके तिवारी, केके गर्ग, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारीगण तथा शहीद परिवारों के परिजन, रिटायर्ड फौजी व स्थानीयजन उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833